दाम में कम खबरों में दम
देश-विदेश और आपकी अपनी खबरों के लिये पढ़िये
"दैनिक ग्रेट राजस्थान"

email:greatrajasthan@yahoo.co.in

सरकार द्वारा राजकीय विज्ञापनों हेतु मान्यता प्राप्त

# ग्रेट राजस्थान

संस्थापक सम्पादकः- स्व. श्री वशिष्ठ कुमार शर्मा

वर्ष-34 | अंक - 29 | जयपुर, शनिवार, 4 फरवरी, 2023 | आर.एन.आई.नं. 48898/90 | मूल्य- एक रुपया | पृष्ठः 4



रंगदार, खुशबुदार, जायकेदार माँ-बेटी चाय मुम्बई के विशेषज्ञों द्वारा तैयार


एक नजर



### अमित शाह का झारखंड दौरा शनिवार को, विजय संकल्प रैली से करेंगे चुनावी शंखनाद

नई दिल्ली (एजेंसी) । केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 4 फरवरी को झारखंड के देवघर जा रहे हैं। अपने दौरे के क्रम में वह झारखंड के लोगों को तोहफा देंगे। शाह वहां कई कार्यक्रमों में भी हिस्सा लेंगे। भाजपा की ओर से कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने का प्रयास किया जा रहा है। बता दें कि झारखंड में अमित शाह विजय संकल्प रैली के तहत मिशन 2024 का शंखनाद करेंगे। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शनिवार को झारखंड के देवघर में पहुंचने वाले हैं, जहां वो कई सार्वजनिक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। शाह शनिवार को 12 बजे अपने दौरे की शुरूआत बाबा बैद्यनाथ मंदिर में दर्शन एवं पूजन करके करेंगे।




### रामचरितमानस विवाद में मायावती की एंट्री ,याद दिलाया गेस्ट हाउस कांड

लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश में रामचरित मानस पर विवाद जारी है। इसे लेकर सपा भाजपा आमने सामने है। लेकिन इस विवाद पर बसपा मुखिया मायावती दोनों दलों को घेरने में पीछे नहीं है। मायावती ने रामचरित मानस को एक बार गेस्ट हाउस कांड की याद दिलाई है। मायावती ने शुक्रवार को ट्विटर के माध्यम से इस मामले का जिक्र कर सभी राजनीतिक दलों पर हमला किया। उन्होंने कहा कि देश में कमजोर व उपेक्षित वर्गों का रामचरितमानस व मनुस्मृति आदि ग्रंथ नहीं बल्कि भारतीय संविधान है जिसमें बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर ने इनको शूद्रों की नहीं बल्कि एससी, एसटी व ओबीसी की संज्ञा दी है।



### दीपक चाहर की पत्नी को जान से मारने की धमकी

आगरा (एजेंसी)। क्रिकेटर दीपक चाहर की पत्नी जया भारद्वाज को जान से मारने की धमकी मिली है। धमकी हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन के पूर्व पदाधिकारी और उनके बेटे ने दी है। दरअसल, एसोसिएशन के पूर्व पदाधिकारी और उनके बेटे ने बिजनेस के नाम पर जया से 10 लाख रुपए लिए थे। बिजनेस शुरू न करने पर जया ने रुपए वापस मांगे, तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। इतना ही नहीं, उनके साथ बदसलूकी भी की। दीपक के पिता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। क्रिकेटर दीपक चाहर के पिता लोकेंद्र चाहर आगरा के थाना शाहगंज इलाके की मानसरोवर कॉलोनी में रहते हैं।

सुप्रीम कोर्ट बोला

# कड़ा फैसला लेने पर मजबूर न करें

### सुप्रीमकोर्ट की नाराजगी देख केंद्र ने कहा- जजों की नियुक्ति 5 दिन में हो जाएगी

नई दिल्ली(एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट में 5 जजों की नियुक्ति के लिए केंद्र को भेजी सिफारिश अगले पांच दिन में मंजूर कर दी जाएगी। केंद्र सरकार ने अपने हलफनामें में सुप्रीम कोर्ट को यह जवाब दिया है। उसका यह जवाब सुप्रीम कोर्ट की नाराजगी के बाद आया है। दरअसल, एडवोकेट्स एसोसिएशन बेंगलुरु ने इस मामले में एक अवमानना याचिका लगाई थी। शुक्रवार को इस पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने हाईकोर्ट जजों का ट्रांसफर कर सुप्रीम कोर्ट में नियुक्ति देने की सिफारिशों को मंजूरी देने में हो रही देरी पर नाराजगी जताई। कोर्ट ने सरकार से कहा कि ये बेहद गंभीर मामला है। हमें ऐसा स्टैंड लेने पर मजबूर न करें, जिससे परेशानी हो। केस की अगली सुनवाई 13 फरवरी को होगी। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 13 दिसंबर को सरकार से 5 नामों की सिफारिश की थी। इनमें जस्टिस पंकज मिथल चीफ जस्टिस राजस्थान हाईकोर्ट, जस्टिस संजय करोल चीफ जस्टिस पटना हाईकोर्ट, जस्टिस पी वी संजय कुमार चीफ जस्टिस मणिपुर हाईकोर्ट, पटना हाईकोर्ट के जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस मनोज मिश्रा का नाम शामिल था।



### फिलहाल 27 जजों के साथ काम कर रहा सुप्रीम कोर्ट

सुनवाई के दौरान अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने जस्टिस एसके कौल और एएस ओका की बेंच को बताया कि 5 जजों की नियुक्ति का वारंट जल्द ही जारी होगा। सुप्रीम कोर्ट में जजों की सेंग्शन स्ट्रेंथ सीजेआई समेत 34 है। फिलहाल 27 जजों के साथ काम हो रहा है। पांचों जजों के शपथ लेने के बाद, यह संख्या बढ़कर 32 हो जाएगी। जिस कॉलेजियम पर यह पूरा विवाद हो रहा है, वह हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में जजों की नियुक्ति और ट्रांसफर की प्रणाली है। कॉलेजियम के सदस्य जज ही होते हैं। वे प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति को नए जजों की नियुक्ति के लिए नामों का सुझाव भेजते हैं। मंजूरी मिलने के बाद जजों को अपॉइंट किया जाता है।



# रायला से हाथ जोड़ो यात्रा की शुरुआत हुई

**भीलवाड़ा (रायला- शुभम शर्मा)।** ऑल इण्डिया कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर आयोजित हाथ से हाथ जोड़ों यात्रा के तहत आज शुक्रवार को बनेड़ा ब्लॉक की ग्राम पंचायत रायला पंचायत में यात्रा की शुरूआत की गई। जिस मे ब्लॉक अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी सरपंच गीता देवी जाट उप प्रधान रीना देवी चौधरी जीएसएस अध्यक्ष जगदीश प्रसाद जाट रायला प्रभारी डॉ आर सी सामरिया , एडवोकेट अरुण देराश्री, जगदीश खटीक व रामराज सिंह , राजकुमार बैरवा शाहपुरा, गजराज सिंह सांगरिया, संदीप जीनगर , दुर्गा देवी बैरवा, पूर्व चेयरमैन भवरु खा उपसरपंच आरिफ मोहम्मद, सुभाष खटीक,सोनू खा कायमखानी, लादूराम खटीक, शुबरात मोहम्मद, शंकर लाल तेली, महबूब खाजी, विनोद लड्ढा, ,अनिल कोगटा, राधेश्याम कोगटा, राकेश कोगटा , हकीम मोहम्मद कैलाश माली व गणमान्य नागरिक ने ध्वजारोहण किया उसके पश्चात यात्रा शुरू की गई।ग्राम पंचायत के प्रमुख मार्गो से यात्रा निकली जिस दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाज़ी की एवं घर-घर जाकर स्थानीय नागरिकों से जन सम्पर्क किया।उनकी समस्यायें जानी एवं निराकरण का आश्वासन दिया। प्रवक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस ही एक मात्र ऐसी पार्टी है जिसने देश की एकता, अखण्डता को बनाए रखने के लिए बलिदान दिया।सभी प्रवक्ताओं ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी एवं केंद्र सरकार की महंगाई, बेरोज़गारी व किसान विरोधी नीतियों के ख़िलाफ़ आवाज़ उठाने का संकल्प लिया। यात्रा में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने शिरकत की।

सूदखोरों के खिलाफ पुलिस चलाएगी विशेष अभियान

# जागरूक करने के साथ होगी तुरंत कार्रवाई



जयपुर(नि.सं.)। राजस्थान पुलिस बिना लाइसेंस ब्याज का धंधा करने वाले सूदखोरों के खिलाफ विशेष अभियान शुरू कर रही है। पुलिस आम लोगों को जागरूक करने के साथ शिकायत मिलने पर सूदखोरों के विरुद्ध त्वरित कार्यवाही भी करेगी। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस डॉ रविप्रकाश मेहरडा द्वारा गुरुवार को इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। आदेश में बताया गया कि प्रदेश में सूदखोरों एवं ब्याज माफियाओं द्वारा जरूरतमंद व्यक्तियों को उच्च ब्याज दर पर ऋण देकर मनमाना ब्याज वसूल किया जाता है। समय पर पैसा नहीं चुका पाने की स्थिति में उन पर भारी-भरकम पेनल्टी लगा अचल संपत्ति तक हड़पने के प्रयास किये जाते हैं। शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित हुए पीड़ित व्यक्ति या उसके परिजन द्वारा आत्महत्या जैसा घातक कदम उठाने को दृष्टिगत रखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

# राजस्थान में सर्दी से मिली राहत, तापमान बढ़ा

### अजमेर, जयपुर, जोधपुर समेत कई शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस पर आया

जयपुर(नि.सं.)। राजस्थान में पिछले महीने मावठ के बाद पड़ी तेज सर्दी से लोगों को अब थोड़ी राहत मिलनी शुरू हो गई। रात और दिन के तापमान बढ़ने लगे हैं। पश्चिमी राजस्थान के जैसलमेर, बीकानेर के अलावा जयपुर, अजमेर में समेत अन्य शहरों में रात का मिनिमम टेम्प्रेचर 10 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है।




### करौली, चूरू में अब भी सर्दी का असर तेज

जयपुर, बीकानेर, जैसलमेर, जोधपुर सहित कई शहरों में सर्दी से लोगों को राहत मिली हो, लेकिन चूरू, फतेहपुर, करौली में अब भी तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे है, जिससे यहां अब भी सर्दी का असर तेज है। चूरू में आज न्यूनतम तापमान 4.1, करौली में 4.5 और फतेहपुर में 3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

राष्ट्रीय लोक अदालत 11 फरवरी को

# न्यायिक अधिकारीगण के साथ ऑनलाइन बैठक आयोजित



### जिला एवं सेशन न्यायाधीश ने सफल बनाने हेतु दिशा निर्देश

**भीलवाड़ा,(धीरज कुमार शर्मा)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के आदेशानुसार 11 फरवरी को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए अध्यक्ष, जिला एवं सेशन न्यायाधीश अजय शर्मा ने जिले के सभी न्यायिक अधिकारीयों के साथ शुक्रवार को ऑनलाईन बैठक कर राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु चर्चा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला एवं सेशन न्यायाधीश अजय शर्मा ने वीसी में भाग लेने वाले समस्त न्यायिक अधिकारियों को न्यायालयों में लंबित प्रकरणों को वरियता के आधार पर निस्तारण करने एवं इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए सभी पीठासीन अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से प्रकरणों में प्रत्येक तारीख पेशी पर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। न्यायिक अधिकारियों को राष्ट्रीय लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा राजीनामा योग्य मामलो को चिन्हित करने एवं उनमें प्री-काउंसलिंग के माध्यम से एवं अधिवक्तागण एवं पक्षकारों में राजीनामे के प्रयास के निर्देश दिए । प्राधिकरण के सचिव राजपाल सिंह ने बताया कि लोक अदालत में दोनों पक्षों को साथ साथ बैठाकर आपसी बातचीत व राजीनामें के आधार पर विवाद को निस्तारण का प्रयास किया जाता है। लोक अदालत का माहौल न्यायालय जैसा नहीं होकर अनौपचारिक व बहुत ही सहज होता है। लोक अदालत के समक्ष दोनों पक्ष अपनी बात खुलकर कह सकते है। प्राधिकरण सचिव ने आमजन से अपील की है कि वे अपने राजीनामें योग्य मामले लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित कराये, जिससे उनका धन व समय दोनों की बचत होगी।

वसुंधरा राजे बोलीं

# मैं भगवान भरोसे हूं

### बोलीं- 5 साल इतने कम होते हैं कि दौड़ कर काम करो तो भी पूरे नहीं होते

जयपुर(नि.सं.)। राजस्थान में चुनावी साल शुरू होने के साथ ही सियासी सरगर्मियां भी तेज हो गई हैं। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया। इसमें उन्होंने कहा- कभी-कभी लोग मजाक करते हैं। वो मेरे से कहते हैं कि ये वसुंधरा राजे हमेशा भगवान के भरोसे है। मैं तो कहती हूं, हां मैं भगवान भरोसे हूं। हम पूरा घर सजाकर छोड़ते हैं। फीता काटने का काम कांग्रेस करती है। बता दें कि यह वीडियो पिछले दिनों हैदराबाद में प्रवासी सम्मेलन के दौरान का है। इस वीडियो को आज राजे ने अपने फेसबुक अकाउंट पर शेयर किया है। वसुंधरा करीब चार महीने पहले हैदराबाद में भाजपा कार्यसमिति की बैठक में गई थीं।



# निजी चिकित्सालय नहीं कर रहे हैं चिरंजीवी योजना की पालना- बसपा जिलाध्यक्ष

### सरकार से की निजी अस्पतालों में चिरंजीवी योजना के अनुरूप कार्य नहीं करने वालों की पंजीकरण निरस्तीकरण की मांग

**भीलवाड़ा (धीरज कुमार शर्मा)।**
**मरीज भटक रहे है दर - दर।**

बसपा जिलाध्यक्ष ने रामेश्वर लाल बैरवा ने राजस्थान सरकार को ज्ञापन के माध्यम से बताया कि भीलवाड़ा जिले के निजी चिकित्सालय वाले चिरंजीवी योजना में आने वाले मरीजों को इलाज से पहले ही डरा देते है कि अगर चिरंजीवी में ही इलाज करवाना है तो सरकारी अस्पताल का सहारा लो। और यह कहकर उन्हें मोटी रकम की बात करते है जिसके लिए मरीजो को दर दर भटकना पड़ता है। इसलिए जो अस्पताल योजना के अनुसार काम नही कर रहा है तो इन अस्पतालों के पंजीकरण निरस्त करे। ज्ञापन के समय बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश सचिव हरिओम गोगरिया, जिलाध्यक्ष रामेश्वर लाल बैरवा, जिलाप्रभारी डॉ महावीर प्रसाद सौलंकी,रामेश्वर लाल जाट, जिला उपाध्यक्ष किशन लाल कीर,देवेन्द्र जोशी,कमलेश जोशी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना | राजस्थान के 4 करोड़ लोगों का कम होगा राशन

# 10 किलो की जगह अब मिलेंगे 5 किलो गेहूं

जयपुर(नि.सं.)। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत राशन की दुकानों पर मिलने वाला गेहूं इस महीने से आधा ही मिलेगा। केन्द्र सरकार ने कोविडकाल में गेहूं के आवंटन का कोटा जो डबल किया था उसे खत्म कर दिया है। हालांकि लोगों के छोटी-सी राहत ये है कि लोगों को जो गेहूं राशन की दुकान से मिलेगा उसके लिए राशन डीलर को कोई पैसा नहीं देना पड़ेगा यानी 2 रुपए किलोग्राम के हिसाब से अब भुगतान करना नहीं पड़ेगा। केन्द्र सरकार ने इस राशि को दिसंबर 2023 तक के लिए माफ कर दिया है। दरअसल केन्द्र सरकार ने पिछले साल दिसंबर 2022 में कैबिनेट की बैठक में ये फैसला किया था, जिसमें फ्री गेहूं को दिसंबर 2023 तक बढ़ाने का फैसला किया। लेकिन सरकार ने इस फैसले के साथ ही कोविडकाल में दिए गए अतिरिक्त कोटे को खत्म करने का निर्णय किया है। ऐसे में फरवरी यानी इस माह से राज्य में राशन की दुकानों पर लोगों को गेंहू दिसंबर-जनवरी की तुलना में आधा मात्रा में ही मिलेगा।



**एक व्यक्ति को 5 किलोग्राम मिलेगा**

केन्द्र सरकार एनएफएसए योजना के तहत चिह्नित व्यक्ति को हर महीने 5 किलोग्राम गेहूं रियायत दर पर देती है। कोविड काल (मार्च 2020) से पहले राशन का गेहू 2 रुपए प्रति किलोग्राम मिलते थे। राशनकार्ड में जितने सदस्य जुड़े होते थे उनकी संख्या के हिसाब से (प्रत्येक व्यक्ति को 5 किलोग्राम) गेहूं मिलता था। लेकिन कोविड आने के बाद अप्रैल 2020 से केन्द्र सरकार ने इस गेंहू का कोटा बढ़ाकर डबल यानी 10 किलोग्राम कर दिया था। ये कोटा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत फ्री आवंटित किया गया। केन्द्र सरकार खाद्य सुरक्षा योजना के तहत बीपीएल, स्टेट बीपीएल, आस्था कार्डधारी को 1 रुपए, जबकि एपीएल कैटेगरी के लोगों को 2 रुपए किलोग्राम के हिसाब से गेहूं दिया जाता है।

# सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया जिला कारागृह का आकस्मिक निरीक्षण

**भीलवाड़ा, (धीरज कुमार शर्मा)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अजय शर्मा के निर्देशानुसार शुक्रवार को सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, राजपाल सिंह ने जिला कारागृह का निरीक्षण किया ।

जेल अधीक्षक भैरू सिंह राठोड एवं जेल चिकित्सक अभिषेक शर्मा से बंदियो के स्वास्थ्य तथा उनको दी जा रही अन्य चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने मेडिकल स्टाफ को बंदियो की स्वास्थ्य संबधी शिकायत के त्वरित समाधान हेतु निर्देशित किया। जेल परिसर में स्थित रसोईघर का भी निरीक्षण कर बंदियो को दिये जा रहे भोजन की गुणवता की भी जांच की गई । बंदियो से उनकी समस्याओं के बारे मे जाना और किसी बंदी के अधिवक्ता नहीं होने पर उसकी विधिक सहायता के लिए निःशुल्क अधिवक्ता हेतु आवेदन करने के बारे में बताया। राजपाल सिंह ने महिला बंदियों के बैरक का निरीक्षण कर महिला बंदियों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। जेलर मुकेश जरोटिया एवं जेलर नवल किशोर को आवश्यक निर्देश दिए।



## संपादकीय

# प्रगति को नए पंख लगाएंगे जलमार्ग

पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी में दुनिया के सबसे लंबे रिवर क्रूज-एमवी गंगा विलास के साथ कई अन्य अंतर्देशीय जलमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन करते हुए कहा कि भारत में नदी जलमार्ग की क्षमता का लाभ लेने के नए दौर का सूत्रपात हो रहा है। वस्तुतः देश में लंबे समय से जल परिवहन में शामिल अंतर्देशीय जलमार्गों और तटीय नौवहन के विकास की आवश्यकता महसूस की जा रही है। जिन जलमार्गों को देश का प्राकृतिक पथ कहा जाता है वे अतीत में भारतीय परिवहन की जीवन रेखा हुआ करते थे। ये जलमार्ग शताब्दियों से कारोबार, उद्योग और आर्थिक शक्ति का मुख्य आधार हुआ करते थे, लेकिन अंग्रेजों के आगमन के बाद जलमार्गों की लगातार उपेक्षा हुई। खासतौर से बीती एक शताब्दी में भारत में जल परिवहन क्षेत्र बेहद उपेक्षित होता चला गया। देश की आजादी के बाद भी सड़क, रेल और वायुमार्गों की होड़ में परंपरागत जीवनदायी जलमार्ग नजरअंदाज होते गए। ज्ञातव्य है कि देश में 7,500 किलोमीटर लंबा समुद्री तट और करीब 14,500 किलोमीटर संभावित नौवहन योग्य जलमार्ग है। देश को इस विशाल नदी मार्ग पर हमेशा बहती रहने वाली नदियों, झीलों और बैकवाटर्स का उपहार भी मिला हुआ है। गौरतलब है कि देश नदी जलमार्गों की प्राचीन शक्ति का उपयोग करने के लिए रणनीतिक रूप से आगे बढ़ रहा है। इसके लिए देश की बड़ी नदियों में जलमार्ग विकसित करने के लिए नया कानून और विस्तृत कार्ययोजना लाई गई है। 2014 में देश में केवल पांच राष्ट्रीय जलमार्ग थे, अब 111 राष्ट्रीय जलमार्ग हैं। परिणामस्वरूप नदी जलमार्ग के माध्यम से कार्गो परिवहन में पिछले आठ साल में तीन गुना वृद्धि हुई है। पहले यह आंकड़ा 30 लाख मीट्रिक टन था। जलमार्ग पर्यावरण की रक्षा के लिए भी अच्छे हैं और पैसे की भी बचत करते हैं। जलमार्गों के संचालन की लागत सड़क मार्गों की तुलना में ढाई गुना कम है और रेलवे की तुलना में एक तिहाई कम है। यही कारण है कि चीन और अमेरिका सहित कई यूरोपीय देशों ने जैसे-जैसे विकास की ओर कदम बढ़ाए वैसे-वैसे वे अपने जलमार्गों का अधिक उपयोग करने लगे। कई यूरोपीय देश अपने कुल माल और यात्री परिवहन के लिए जल परिवहन का बहुतायत में उपयोग करते हैं। इतना ही नहीं यूरोप के कई देश आपस में इसी साधन से बहुत मजबूती से जुड़े हुए हैं। उन्होंने जलमार्गों को अपनी अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण स्तंभ बना लिया है।यहां यह उल्लेखनीय है कि भारत की नई लाजिस्टिक नीति और गतिशक्ति योजना का आगाज अभूतपूर्व रणनीतियों के साथ हुआ है। इनके तहत जल परिवहन के विकास से लाजिस्टिक लागत के बोझ को घटाया जा सकता है।

# बढ़ेंगी चुनौतियां तो कैसे घटे रक्षा खर्च

दुनिया के हालात किसी से छिपे नहीं हैं। पहले जो सामरिक समन्वय दुनिया भर में बना हुआ था, वह पिछले चार साल से बिगड़ना शुरू हो गया है। दुनिया में जो बड़ी शक्तियां हैं, उनके परस्पर रिश्तों में खटास बढ़ी है। उथल-पुथल शुरू हो गई है। दूसरी बात, कई छोटे देशों के अंदर भी बहुत आर्थिक और राजनीतिक अस्थिरता फैली हुई है, इससे हालात पहले की तुलना में बिगड़े हैं। हमारे पड़ोस में भी आर्थिक-राजनीतिक गड़बड़ियां नजर आनी शुरू हो गई हैं। एक तरफ चीन है, जिसका रवैया लगातार आक्रामक बना हुआ है। वह न सिर्फ भारत के खिलाफ, बल्कि अन्य अनेक मोर्चों पर भी तनाव बढ़ा रहा है। भारत के पश्चिम में देखें, तो अफगानिस्तान में तालिबान की सरकार मजबूत हो रही है और पाकिस्तान में भी चुनौतियां बढ़ती जा रही हैं। ये चुनौतियां भी दो तरह की हैं, सामरिक भी और आर्थिक भी। पाकिस्तान के हालात बिगड़ते जा रहे हैं। यह एक सैन्य चुनौती है और दूसरी चुनौती यह है कि यदि पाकिस्तान के आर्थिक हालात बहुत बिगड़ते हैं, बेकाबू हो जाते हैं, और भारत पर उनका सीधा असर पड़ने लगता है, तो उसे कैसे संभाला जाए? एक ही उपाय है, चुनौतियों का सामना करने के लिए आपको अपनी क्षमता विकसित करनी पड़ेगी। खुद को मजबूत बनाने के लिए आधुनिकीकरण करना पड़ता है, आंतरिक सुरक्षा का भी ध्यान रखना पड़ता है। सरहदों की सुरक्षा चाक-चौबंद रखनी पड़ती है। आज के समय में आर्थिक सुरक्षा कब सामरिक सुरक्षा में बदल जाती है, पता नहीं चलता। आर्थिक, सामरिक और सामाजिक सुरक्षा परस्पर जुड़ी हुई है। आज के समय में हमें अर्थव्यवस्था पर नजर रखते हुए आगे बढ़ना है। इस संदर्भ में अगर देखा जाए, तो अग्निपथ योजना जब आई, तब बहुत सारे लोगों ने आलोचना की, लेकिन इस योजना के पीछे एक आर्थिक सोच थी। अगर इस बार का बजट आप देखें, तो रक्षा का 25 प्रतिशत हिस्सा उसके पेंशन बजट में जा रहा है और यह रकम बढ़ सकती है। जब तक अग्निपथ योजना पूरी तरह लागू नहीं होगी, तब तक पेंशन खर्च कम नहीं होगा। पेंशन खर्च दस-पंद्रह साल तक बढ़ता रहेगा, शायद उसके बाद भी बढ़े। यह उचित नहीं है। अगर इस बारे में हमारी समझ नहीं है, तो जो दूसरों के हालात हैं, उनसे हमें सीखना चाहिए। उदाहरण के लिए, पाकिस्तान में भी पेंशन का बिल, विशेष रूप से वहां केंद्र सरकार की ओर से पेंशन का बिल बाकी सरकार चलाने के खर्च से कहीं ज्यादा है। यह बढ़ता जाएगा। क्या हम पाकिस्तान जैसे आर्थिक हालात चाहते हैं? पेंशन अगर ज्यादा हो जाए, तो आपकी सुरक्षा पर असर डालने लगता है, जैसे पाकिस्तान की सुरक्षा पर यह असर डालने लगा है। जरूरी है कि अर्थव्यवस्था पर नजर रखी जाए।




# आंखों की रोशनी छीन सकते हैं नकली आंसू लाने वाले आईड्रॉप्स सीडीसी ने दी चेतावनी

अभी तक आंखों के ड्राई होने या आंखों में मॉइश्चर की जरूरत महसूस होने पर हम बिना डाक्टरी सलाह के आई ड्रॉप्स खरीद लिया करते थे। पर इस बार विशेषज्ञ एक खास तरह के इंफेक्शन के कारण ऐसा न करने की सलाह दे रहे हैं।आंख शरीर के महत्वपूर्ण और संवेदनशील अंगों में से एक है। इसके प्रति बरती गई छोटी सी लापरवाही भी आपके लिए बड़ी मुसीबत का कारण बन सकती है। ओवर दी काउंटर मेडिसिन हो या मेकअप प्रोडक्ट हो, कोई भी केमिकल वाली चीज आंखों को नुकसान पहुंचा सकती है। इसलिए जरूरी है कि आंखों पर इस्तेमाल होने वाले किसी भी प्रकार के प्रोडक्ट के बारे में पूरी जानकारी हो। सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रीवेंशन की ओर से इसी सप्ताह एक रिपोर्ट प्रकाशित की गई है। उस रिपोर्ट के अनुसार आंखों में आर्टिफीशियल आंसू लाने के लिए इस्तेमाल होने वाले आई ड्रॉप्स भी आंखों की नुकसान पहुंचा सकते हैं। आइए जानते हैं इस रिपोर्ट के बारे में विस्तार से।

**खतरनाक हो सकती हैं इस तरह की आई ड्रॉप्स**-सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रीवेंशन द्वारा बुधवार की रात प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार आंखों में आर्टिफिशियल आंसू लाने वाले आई ड्रॉप के इस्तेमाल के बाद लगभग 12 स्टेट्स से 55 लोगों ने इससे होने वाले नुकसान की शिकायत की। इनमें से एक व्यक्ति की मौत हो चुकी है। जबकि इनमें शामिल 3 लोगों ने अपने आंखों की रोशनी हमेशा के लिए खो दी। कैलिफोर्निया, कोलोराडो, कनेक्टिकट, फ्लोरिडा, न्यू जर्सी, न्यू मैक्सिको, न्यूयॉर्क, नेवादा, टेक्सास, यूटा, वाशिंगटन और विस्कॉन्सिन में इसके मामले दर्ज किए गए हैं। आई ड्रॉप को इस्तेमाल करने के बाद वाशिंगटन में ब्लड इंफेक्शन की वजह से एक व्यक्ति की मौत हो गई। आंखों की रोशनी खो देने वाले तीनों व्यक्ति कैलिफोर्निया और न्यूजर्सी से बताए गए हैं।

**स्यूडोमोनास एरुजिनोसा ने पहुंचाया नुकसान**-प्रभावित 55 लोगों को स्यूडोमोनास एरुजिनोसा से संक्रमित पाया गया। यह एक प्रकार का जीवाणु है जो अधिकांश एंटीबायोटिक दवाओं के लिए प्रतिरोधी के रूप में काम करता है। हालांकि, सभी प्रभावित व्यक्तियों को आंखों में इंफेक्शन नहीं हुआ है। उनमें से लगभग 11 लोग आई इन्फेक्शन से ग्रसित हैं, तो 3 अपनी एक आंख की रोशनी को हमेशा के लिए खो चुके हैं। वहीं किसी में रेस्पिरेट्री इनफेक्शन तो किसी में यूरिनरी ट्रैक्ट इनफेक्शन की समस्या देखने को मिली। इसके साथ ही बैक्टीरिया के ब्लड स्ट्रीम में पहुंचने से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई।



# आपके एजिंग पेरेंट्स के लिए कौन सा और कितना व्यायाम है ज्यादा फायदेमंद



यदि आप चाहती हैं कि आपके पेरेंट्स उम्र अधिक होने के बावजूद पूरी तरह फिट रहें, तो उन्हें रोज एक्सरसाइज करने को कहें। एक्सरसाइज से उनका हार्ट हेल्थ, संतुलन और फिटनेस सही रहेगा। आइये इस आलेख में जानते हैं वरिष्ठों के लिए व्यायाम इतना महत्वपूर्ण क्यों है? युवावस्था में ज्यादातर लोग शारीरिक स्तर पर सक्रिय रहते हैं। लेकिन वृद्धावस्था में उनके लिए शारीरिक रूप से सक्रिय रह पाना मुश्किल होता है। व्यायाम, आहार, फिटनेस पर ध्यान देना उनके लिए युवा की तरह महत्वपूर्ण है। आइये जानते हैं वृद्ध लोगों के लिए व्यायाम क्यों जरूरी है? कौन सा व्यायाम बुजुर्गों के लिए जरूरी है

**क्यों जरूरी है एक्सरसाइज**-हार्वर्ड हेल्थ के अनुसार, वृद्धावस्था में शरीर के अनुकूल हृदय गति और मांसपेशियों को स्वस्थ रखना एक चुनौती होती है। व्यायाम करने से न सिर्फ हृदय गति और मांसपेशी स्वस्थ रहती है, बल्कि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में भी सुधार होता है। शारीरिक गतिविधि स्वस्थ रक्तचाप को बनाए रखने में भी मदद करती है। एक्सरसाइज सूजन को कम करती है। रक्त शर्करा के स्तर में सुधार करती है। हड्डियों को मजबूत करती है और अवसाद को दूर करने में मदद करती है। इनके अलावा, नियमित व्यायाम कार्यक्रम जीवन को बेहतर बना सकता है। बेहतर गुणवत्ता वाली नींद मिल सकती है। कैंसर के जोखिम को कम कर सकती है। यह लंबे जीवन से भी जुड़ा हुआ है।

**60 वर्ष से अधिक लोगों के लिए कितना व्यायाम है जरूरी**-कई लोग हिलने-डुलने में हिचकिचाते हैं, क्योंकि वे व्यायाम और फिटनेस के लाभों से अपरिचित होते हैं। यह प्रभावी और सुरक्षित है। इसके कोई साइड इफ़ेक्ट नहीं हैं। अच्छी बात यह है कि किसी भी तरह की हरकत गतिहीन होने से बेहतर है। इसलिए छोटी शुरुआत करने और लंबे समय तक कसरत करने में कुछ भी गलत नहीं है। हार्वर्ड हेल्थ के शोध बताते हैं कि 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए लक्ष्य प्रति सप्ताह 150 मिनट की मध्यम तीव्रता की गतिविधि से कम नहीं होना चाहिए। यदि कोई व्यक्ति उस स्तर पर शुरू नहीं कर सकता है, तो धीरे-धीरे व्यायाम को बढायें। वयस्कों के लिए व्यायाम और फिटनेस के कई अन्य रूप हैं। यदि जॉइंट पेन नहीं है, तो सीढ़ियां चढ़कर, छोटे-मोटे काम कर, अपने पोते-पोतियों के साथ खेलकर वे पूरे दिन शारीरिक रूप से सक्रिय रह सकते हैं।

**कब है डॉक्टर से परामर्श की जरूरत**-हार्वर्ड हेल्थ के शोध बताते हैं कि जब वरिष्ठ नागरिकों के लिए व्यायाम और फिटनेस की बात आती है, तो अधिकांश लोग डॉक्टर से परामर्श किए बिना शुरू कर देते हैं। यदि मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय या फेफड़ों की बीमारी, ऑस्टियोप्रोसिस या न्यूरोलॉजिकल बीमारी जैसी कोई बड़ी स्वास्थ्य स्थिति है, तो निश्चित रूप से पहले अपने डॉक्टर से बात करें। चलने-फिरने में दिक्कत जैसे कि खराब संतुलन या गठिया वाले लोगों को भी अपने डॉक्टर से जरूर सलाह लेनी चाहिए।

**कौन सा व्यायाम है सबसे अच्छा**-व्यायाम कई तरह के हो सकते हैं। एरोबिक व्यायाम हृदय स्वास्थ्य के लिए किया जाता है। हालांकि अधिकांश एरोबिक व्यायामों के लिए आपको अपने पूरे शरीर को हिलाने की आवश्यकता होती है। मुख्य ध्यान हृदय और फेफड़ों पर होता है। एरोबिक व्यायाम को अक्सर कार्डियो कहा जाता है। यह हृदय प्रणाली को चुनौती देता है और लाभ पहुंचाता है। चलने, तैरने, नाचने और साइकिल चलाने जैसी गतिविधियां यदि पर्याप्त तीव्रता से की जाती हैं, तो तेजी से सांस ली जाती है। इसके लिए दिल को अधिक मेहनत करनी पड़ती है। एरोबिक व्यायाम वसा को जलाते हैं। मूड में सुधार करते हैं। सूजन को कम करते हैं। ये रक्त शर्करा को कम करते हैं। पॉवर रेसिस्टेंस या रेसिस्टेंस ट्रेनिंग सप्ताह में दो से तीन बार किया जाना चाहिए। स्क्वैट्स, लंजेज , पुश-अप्सऔर रेसिस्टेंस मशीनों पर किए गए व्यायाम करने से मांसपेशियों और ताकत को बनाए रखने में भी मदद मिलती है।

# क्या बिना चोट के आ रही हैं मसल्स में सूजन,तो जानिए इसकी वजह और उपचार



अचानक कोई चोट लगने या मसल्स स्ट्रेच होने पर शरीर के उस हिस्से में सूजन आ जाती है। लेकिन क्या इसका कोई आंतरिक कारण भी हो सकता है?कई बार काम करते दौरान या हार्ड एक्सरसाइज करते हुए शरीर में अंदरूनी चोट आ जाती है, जिससे शरीर के बाहरी हिस्सों में सूजन आने लगती है। मसल्स स्ट्रेच होने या चोट लगने से आई सूजन को कुछ घरेलू उपायों से ठीक किया जा सकता है। लेकिन बिना किसी समस्या से सूजन आना किसी स्वास्थ्य समस्या का कार हो सकता है। जिसमें जरूरी नहीं कि शरीर की सूजन अंगो पर नजर आए। लेकिन फिर इसके लक्षणों को कैसे समझा जाए? इस विषय पर गहनता से जानने के लिए हमने बात कि पारस हॉस्पिटल (गुरुग्राम) के इंटरनल मेडिसिन के एचओडी डॉ आरआर दत्ता से, जिन्होंने हमें इस समस्या के बारें में विशेष जानकारी दी।

**शरीर में क्यों होने लगती है सूजन की समस्या?**

किसी बीमारी या चोट के संपर्क में आने पर शरीर का हिस्सा सूजने लगाता है। इसके अलावा मसल्स में खिचाव या अधिक वजन भी सूजन का कारण बन सकता है। लेकिन कई बार सूजन किसी बाहरी कारण के अलावा किसी आंतरिक कमी से होने लगती है।डॉ आरआर दत्ता के मुताबिक क्रोनिक स्वेलिंग में शरीर बिना चोट और बीमारी के संपर्क में आए भी इंफ्लामेटरी सेल्स प्रड्यूस करने लगता है। ऐसे में शरीर में सूजन की समस्या होने लगती है। जिससे गठिया या अल्जाइमर होने का खतरा भी बनने लगता हैं।इससे शरीर में इंफ्लामेटरी सेल्स प्रड्यूस होने लगते हैं, जो टिशुज को रिपेयर के साथ बैक्टीरिया और पैथोजन के लिए एक इंफ्लामेंटरी रेस्पॉन्स प्रड्यूस करते हैं। इसी कारण शरीर में डिसकंफर्ट, सूजन, चोट या रेडनेस होने लगती है।

**क्रोनिक स्वेलिंग के मुख्य लक्षण क्या है?** क्रोनिक स्वेलिंग के लक्षणों पर बात करते हुए एक्सपर्ट ने बताया कि व्यक्ति का हृदय रोग, मधुमेह, कैंसर, गठिया या आंतों की बिमारी जैसे कि क्रोहन रोग या अल्सरेटिव कोलाइटिस से ग्रस्त होना भी शामिल हो सकता है। ऐसे में व्यक्ति के शरीर का कोई भी हिस्सा सूजने लगता है।**किन पोषक तत्वों की कमी क्रोनिक स्वेलिंग का कारण बन सकती है?**डॉ दत्ता के अनुसार, अमीनो एसिड, ओलिगोसेकेराइड और शॉर्ट-चेन फैटी एसिड जैसे पोषक तत्वों की कमी क्रोनिक स्वेलिंग का कारण बन सकती है। क्योंकि इन सभी पोषक तत्वों में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। जो स्वेलिंग की समस्या होने का खतरा कम करते हैं। एक्सपर्ट की सलाह के अनुसार सूजन में करेले का सेवन करना रामबाण साबित होता है। क्योंकि इसमें एंटी इंफ्लेमेटरी, एंटी डायबिटिक, एंटी कैंसर, एंटी ऑक्सीडेंट, एंटी ओबेसिटी, एंटी बैक्टीरियल, इम्यूनोमॉड्यूलेटरी गुण पाए गए है।



# क्या आप और आपके पार्टनर सेक्सुअल डिजायर की कमी से जूझ रहे हैं, विटामिन डी की कमी हो सकती है जिम्मेदार

विटामिन डी की कमी से न सिर्फ इम्यून सिस्टम और हड्डी कमजोर होती है, बल्कि यह सेक्सुअल हेल्थ को भी प्रभावित करती है। विटामिन डी की कमी से सेक्सुअल डिजायर और ओर्गेस्म में कमी हो सकती है।शरीर के विकास और स्वास्थ्य के लिए सभी पोषक तत्वों का संतुलित मात्रा में होना जरूरी है। किसी एक पोषक तत्व की कमी से गंभीर बीमारी हो सकती है। खासकर विटामिन का सही मात्रा में होना जरूरी है। विटामिन डी की कमी से बोन डेंसिटी में कमी हो सकती है। इससे ऑस्टियोपोरोसिस और फ्रैक्चर होने की संभावना बढ़ सकती है। विटामिन डी की कमी से कई दूसरी बीमारियां भी हो सकती हैं। कुछ शोध बताते हैं कि विटामिन डी की कमी से सेक्सुअल हेल्थ भी प्रभावित हो सकता है।

**सेक्सुअल डिजायर और ओरगेज्म में हो सकती है कमी**-यूरोपियन जर्नल ऑफ़ ओब्स्टेटिक्स गायनेकोलोजी एंड रीप्रोडकटिव बायोलोजी में प्रकाशित रॉबर्ट क्रिसियाक और एम गिलोव्स्का के शोध आलेख के अनुसार, विटामिन डी की कमी से युवा महिलाओं के सेक्सुअल डिजायर पर असर पड़ता है। उनमें अवसाद के भी लक्षण देखे जाते हैं। सेक्स पर विटामिन डी के प्रभावों की जांच करने के लिए एक स्टडी की गई। इस अध्ययन में विटामिन डी की कमी वाली 14 महिलाओं के साथ-साथ 14 स्वस्थ महिलाओं को भी शामिल किया गया। इसकी जांच करने के लिए सभी प्रतिभागियों को एक प्रश्नावली दी गयी।



**संतुष्टि की कमी**-सभी महिलाओं की सेक्सुअल फंक्शनिंग मापी गई। स्टडी के परिणाम में देखा गया कि विटामिन डी की सामान्य स्थिति वाली महिलाओं की तुलना में विटामिन डी की कमी वाली महिलाओं में यौन इच्छा, कामोन्माद और संतुष्टि की कमी देखी गई। परिणामों से शोधकर्ताओं ने यह निष्कर्ष निकाला कि विटामिन डी का लो लेवल असामान्य महिला यौन क्रिया से जुड़ा है।साथ ही महिलाओं में अवसाद के भी लक्षण पाए गये।

**पुरुषों में सेक्सुअल डिजायर में कमी**-इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ इम्पोटेंस रिसर्च में प्रकाशित शोध आलेख के अनुसार, हाइपोविटामिनोसिस डी महिलाओं के साथ-साथ पुरुषों में भी यौन रोग विकारों की उपस्थिति का कारण बनता है। इस अध्ययन के अंतर्गत विटामिन डी की कमी वाले युवा पुरुषों में यौन क्रिया से जुड़े लक्षणों की जांच करना था। अध्ययन में विटामिन डी की कमी वाले 15 पुरुषों के साथ-साथ 15 स्वस्थ पुरुषों (18-40 वर्ष) को भी शामिल किया गया। यह देखा गया कि स्वस्थ पुरुषों की अपेक्षा विटामिन डी की कमी वाले पुरुषों में इरेक्टाइल फंक्शन, ओरगेज्म, सेक्सुअल डिजायर में कमी जैसी समस्या देखी गई।

**पुरुषों में इरेक्टाइल डिसफंक्शन** -वर्ल्ड जर्नल ऑफ़ मेंस हेल्थ में प्रकाशित शोध भी इस बात पर जोर देते हैं कि विटामिन-डी की कमी भी इरेक्टाइल डिसफंक्शन का कारण बन सकती है। लिंग की शारीरिक रचना और शरीर क्रिया विज्ञान को नियंत्रित कर सकता है विटामिन डी। इरेक्टाइल फंक्शन के लिए विटामिन डी की आवश्यकता होती है।

**टेस्टोस्टेरोन लेवल हो सकता है कम**- विटामिन डी यानी सनशाइन विटामिनसूरज की रोशनी की प्रतिक्रिया में आपकी त्वचा द्वारा निर्मित होता है। यह कुछ खाद्य पदार्थों में भी पाया जाता है। विटामिन डी की कमी से बोन हेल्थ, इम्यून सिस्टम प्रभावित होने के साथ-साथ यह बेहतर सेक्स ड्राइव में भी कमी ला देता है।

# ये मेकअप मिस्टेक्स बन सकती हैं स्किन इंफेक्शन का कारण



जितना जरूरी मेकअप के दौरान स्किन को प्रेप करना है, उतना ही जरूरी है मेकअप हाइजीन का ध्यान रखना। आइए जानें कुछ खास मेकअप हाइजीन टिप्स के बारें में।किसी पार्टी में जाना हो या डेट के लिए तैयार होना मेकअप को कभी अवॉइड नहीं किया जा सकता। मेकअप आपको परमानेंट सुंदर नहीं बनाता लेकिन कॉन्फिडेंट और आकर्षित दिखने में मदद जरूर कर सकता है। वही जितना जरूरी मेकअप के स्टेप्स को याद रखना है, उतना ही जरूरी है मेकअप हाइजीन का ख्याल रखना। क्योंकि मेकअप करने पर प्रोडक्ट सीधा स्किन सेल्स के संपर्क में आता है। ऐसे में अगर हाइजीन का ध्यान नही रखा जाए, तो आपको त्वचा से जुड़ी कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। आज इसी विषय पर बात करते हुए हम 5 ऐसी मेकअप हाइजीन टिप्स पर बात करेंगे, जो मेकअप के दौरान आपको कभी अवॉइड नहीं करनी चाहिए।

**1. मेकअप एप्लिकेटर्स को क्लीन रखें**-अगर आप मेकअप एप्लिकेटर्स को बिना क्लीन करें बार-बार इस्तेमाल करते हैं, तो इससे आपको कई स्किन प्रोबलम्स होने का खतरा बना रहेगा। इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ कॉस्मियोलॉजि के मुताबिक मेकअप एप्लिकेटर्स क्लीन करने से न केवल बैक्टीरिया और कीटाणुओं से बचा जा सकता है। बल्कि इससे मेकअप के दाग, डेड स्किन सेल्स को भी अवॉइड किया जा सकता है। जो कई स्किन इंफेक्शन और बैक्टीरियल इंफेक्शन का कारण बनते हैं। इसलिए हर बार मेकअप के बाद अपने एप्लिकेटर्स को जरूर क्लीन करें।

**2. प्रोडक्टस की एक्सपाइरी डेट का रखें ख्याल**-अक्सर कई बार हमें मेकअप प्रोडक्टस की एक्सपाइरी डेट का ध्यान नही रहता। जिससे मेकअप लगाने के बाद इचिंग, रेडनेस या इंफेक्शन होने का खतरा हो सकता है। इसलिए कोई भी प्रोडक्ट इस्तेमाल करने से पहले उसके एक्सपाइरी डेट का ध्यान रखें। खासकर आई मेकअप के दौरान इस बात का विशेष ध्यान रखें, क्योंकि ज्यादातर आई प्रोडक्ट शॉर्ट लाइफस्पेन तक ही काम कर पाते हैं।

**3. मेकअप एप्लिकेटर्स क्लीन के लिए हाथ का इस्तेमाल**-मेकअप एप्लिकेटर्स को समय-समय पर क्लीन करने के साथ सही प्रकार से क्लीन करना भी जरूरी है। अक्सर लोग अपने हाथों की मदद से एप्लिकेटर्स को क्लीन करते हैं। इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ कॉस्मियोलॉजि के अनुसार इस स्टेप से हाथों के कीटाणु भी एप्लिकेटर्स पर आ जाते हैं। जो स्किन प्रोबलम्स का कारण बनने लगते हैं। इसलिए हमेशा टिशु या कॉटन की मदद से ही एप्लिकेटर्स क्लीन करें। मेकअप एप्लिकेटर्स को डीप्ली क्लीन करने के लिए गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें।

**4. सनस्क्रीन को अवॉइड करना**-अगर आप दिन में मेकअप कर रही हैं, तो अपनी सनस्क्रीन को भूल से भी अवॉइड नहीं करें। क्योंकि सनस्क्रीन आपके मेकअप बेस को स्टेबल रखने के साथ स्किन को प्रोडक्टस के केमिकल्स से बचाने में भी मदद करेगी। सनस्क्रीन की एक हेवी लेयर लगाने से प्रोडक्ट सीधा स्किन सेल्स के संपर्क में नही आएगा।

**जुनूनी हद तक प्यार करने वाले लोगों के रिश्तों में अविश्वास, तनाव, चिंता और हिंसा का होना स्वाभाविक है। आइए जानते हैं ऑब्सेसिव लव डिसआर्डर क्या है और इसे कैसे हैंडल करें। प्यार एक ऐसी भावना है, जो हमें किसी दूसरे व्यक्ति के करीब लाती है। जब हमें किसी भी बातें, व्यवहार और दूसरों के प्रति उसका समर्पण भाव अच्छा लगने लगता है, तो हम धीरे धीरे उस शख्स के नज़दीक आ जाते हैं और उससे प्यार करने लगते हैं। कई बार ये महज एक आर्कषण भी होता है। अब प्यार करना सही है, मगर एक सीमा तक। अगर आप किसी व्यक्ति को प्यार तो करते हैं और उसे अपनी मुट्ठी में कैद करना चाहते है।**

# *Obsessive love disorder* क्या है प्यार करने का ये तरीका, जो किसी भी रिश्ते के लिए घातक है

जुनूनी हद तक प्यार करने वाले लोगों के रिश्तों में अविश्वास, तनाव, चिंता और हिंसा का होना स्वाभाविक है। आइए जानते हैं ऑब्सेसिव लव डिसआर्डर क्या है और इसे कैसे हैंडल करें। प्यार एक ऐसी भावना है, जो हमें किसी दूसरे व्यक्ति के करीब लाती है। जब हमें किसी भी बातें, व्यवहार और दूसरों के प्रति उसका समर्पण भाव अच्छा लगने लगता है, तो हम धीरे धीरे उस शख्स के नज़दीक आ जाते हैं और उससे प्यार करने लगते हैं। कई बार ये महज एक आर्कषण भी होता है। अब प्यार करना सही है, मगर एक सीमा तक। अगर आप किसी व्यक्ति को प्यार तो करते हैं और उसे अपनी मुट्ठी में कैद करना चाहते है, तो ये ऑब्सेसिव लव डिसऑर्डर कहलाता है। आइए जानते हैं, क्या है ऑब्सेसिव लव डिसआर्डर ।

**क्या है ऑब्सेसिव लव डिसआर्डर**-इस बारे में बातचीत करते हुए डॉ आरती आनंद, साइकॉलोजिस्ट, सीनियर कंसलटेंट, गंगा राम हास्पिटल का कहना है कि ऑब्सेसिव लव यानि वन सायडिड लव । वो स्थिति जब आप अपने पार्टनर को लेकर आप अनसेफ फील करने लगते है। आपकी नज़र हर वक्त अपने साथी पर टिकी रहती है। आपको उसका अन्य लोगों से मिलना जुलना पसंद नहीं आता है। उसके कपड़ों से लेकर फाइनेशियल मैटर्स तक हर चीज में आपका इंटरफियरेंस होने लगता है। उसके साथ आपका व्यवहार मनमाना होने लगता है और आप मन मुताबिक उसे मोल्ड करने लगते हैं। अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन के मुताबिक ओबसेसिव लव डिसआर्डर एक ऐसी स्थिति है, जब हम दूसरे के प्रति प्यार की भावना महसूस करने लगते हैं। ऐसी कंडीशन में अधिकतर ये वन सादडिड लव पाया जाता है। इसके अलावा किसी खास व्यक्ति की मौजूदगी हमें सुखद





एहसास का अनुभव करवाती है। इसमें हम समानता की भावना से परे अपने साथी पर अपना स्वामित्व यानि ओनरशिप समझने लगते है। वो पार्टनर को प्यार देने की बजाय जुनूनी प्रवृत्ति के कारण उन्हें अपने बस में करने की कोशिश करते हैं। ऐसे में अगर कोई और उन्हें प्यार करता है, तो वो जलन या जैलेसी का अनुभव करने लगते हैं। जुनूनी हद तक प्यार करने वाले लोगों के रिश्तों में अविश्वास, तनाव, चिंता और हिंसा का होना स्वाभाविक है।

**1 इरोटोमेनिया**-मेडिकल न्यूज टुडे के मुताबिक इरोटोमेनिया एक ऐसा मनोरोग स्थिति है जिसमें एक व्यक्ति को भ्रमपूर्ण विश्वास हो जाता है कि कोई अन्य व्यक्ति उनसे प्यार करता है। आमतौर पर कोई ऐसा शख्स जो आपसे हाइयर स्टेटस वाला हो। प्राइमरी इरोटोमेनिया एक प्रकार की मानसिक स्थिति है। इसमें आप किसी तरह के अन्य रोग से ग्रस्त नहीं होते है। वहीं सेकेण्डरी इरोटोमेनिया में कुछ अन्य मनोवैज्ञानिक स्थितियों को भी जोड़ा जा सकता है यानि सिज़ोफ्रेनिया या मेजर डिप्रेसिव डिसऑर्डर। इरोटोमेनिया को सिर के आघात, गर्भावस्था, शराब के दुरुपयोग, या एम्फ़ैटेमिन जैसी कुछ दवाओं से भी जोड़ा जा सकता है।

**2 बार्डर लाइन पर्सनैलिटी डिसआर्डर** -बार्डर लाइन पर्सनैलिटी डिसआर्डर यानि बीपीडी वाले लोग अपनी भावनाओं को काबू नहीं कर पाते हैं। वे न केवल जल्दी से किसी भी रिलेशन में इनवाल्व हो जाते है ।




## बिजनेस की खबर - एक नजर



# नम्रता मल्ला

## गोल्डन ब्रालेट में उड़ाई फैंस की नींद,फोटोज में देखें किलर अंदाज

**नम्रता मल्ला गोल्डन कलर की ब्रालेट और ब्लैक ट्रांसपेरेंट लहंगे में बेहद हॉट पोज देती नजर आ रहीं हैं, जिन पर फैंस का जबरदस्त रिस्पॉन्स देखने को मिल रहा...**



एक्ट्रेस नम्रता मल्ला का इंस्टाग्राम हॉट एंड बोल्ड फोटोज से भरा पड़ा है और इसी बीच एक बार फिर नम्रता मल्ला ने अपने बोल्ड लुक से फैंस की नींदें उड़ा दी हैं, तो आइए आपको दिखाते हैं नम्रता मल्ला की ये तस्वीरें। इन फोटोज में, नम्रता मल्ला गोल्डन कलर की ब्रालेट और ब्लैक ट्रांसपेरेंट लहंगे में बेहद हॉट पोज देती नजर आ रहीं हैं, जिन पर फैंस का जबरदस्त रिस्पॉन्स देखने को मिल रहा है। तस्वीरों में नम्रता मल्ला गोल्डन झुमकों में बेहद किलर अंदाज में दिखाई दे रहीं हैं। इस डीप नेक ब्रालेट में नम्रता मल्ला एक से बढ़कर एक हॉट अदाएं दिखाकर फैंस के दिलों को घायल करती नजर आ रहीं हैं। नम्रता मल्ला ने अपने इस लुक को ब्लैक बूट्स, ग्लॉसी मेकअप और ओपन स्ट्रेट हेयर के साथ एक बोल्ड टच दिया। नम्रता मल्ला ने इन तस्वीरों को शेयर करते हुए दो हार्ट इमोजी भी शेयर किए। नम्रता मल्ला की इन तस्वीरों पर उनके चाहने वाले - हॉट, हाय गर्मी, मुझे तो आप जलपरी जैसी लगती हो, लव यू, हॉटी और गोल्डन ब्यूटी ऑप भोजपुरी जैसे कमेंट्स कर उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं.आपको बता दें कि, नम्रता मल्ला को उनकी हॉटनेस और बोल्डनेस के लिए जाना जाता है।



# सिद्धार्थ- कियारा की शादी में शामिल होंगे शाहिद-मीरा!

सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी इन दिनों अपनी शादी की खबरों को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सिड-कियारा, 6 फरवरी को शादी करेंगे। सिद्धार्थ-कियारा, राजस्थान के एक पैलेस में रॉयल वेडिंग करेंगे, जिस में करीबी दोस्त और रिश्तेदार शामिल होंगे। वहीं बाद में सिद्धार्थ-कियारा मुंबई में सभी के लिए रिसेप्शन देंगे। कपल की शादी में शाहिद कपूर भी पत्नी मीरा के साथ शामिल होंगे।

**शाहिद- मीरा होंगे शादी में शामिल!**

सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी की शादी को लेकर अभी तक सूत्रों से कई खबरें सामने आ चुकी हैं। ऐसे में अब कपल की वेडिंग गेस्ट लिस्ट भी सामने आने लगी है। इंडिया टुडे की एक रिपोर्ट के मुताबिक सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी की शादी में शाहिद कपूर और मीरा कपूर भी शामिल होंगे। याद दिला दें कि शाहिद कपूर और कियारा आडवाणी, सुपरहिट फिल्म कबीर सिंह में एक साथ काम कर चुके हैं। ऐसे में प्रीति की शादी में कबीर भी शामिल होगा, तो मजा बढ़ जाएगा।


**मनीष मल्होत्रा के कपड़ों में कपल**

वैसे शादी किसी भी शख्स के लिए काफी खास होती है, वहीं सेलेब्स के लिए तो ये दिन और भी अहम हो जाता है क्योंकि फैन्स की नजर हर छोटी छोटी चीज पर होती है। ऐसे में फैन्स न सिर्फ वेडिंग ड्रेस में सबसे अच्छा दिखना होता है, बल्कि ड्रेस भी कुछ अलग ही होनी चाहिए। सिद्धार्थ-कियारा ने अपनी वेडिंग ड्रेस के लिए मनीष मल्होत्रा को चुना है। वहीं मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शाहिद-मीरा के अलावा शादी में करण जौहर, वरुण धवन भी शामिल होंगे।

**शादी के बाद मुंबई में होगा रिसेप्शन**

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कियारा और सिद्धार्थ ने शादी के लिए राजस्थान के जैसलमेर स्थित सूर्यगढ़ पैलेस को चुना है। वहीं शादी में काफी सिक्योरिटी भी रहेगी। रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि इस पैलेस के अंदर ही प्री-वेडिंग फंक्शन्स का आयोजन किया जाएगा। शादी के पहले ही सितारों का वहां पर तांता लगना शुरू हो जाएगा... हालांकि, अभी तक दोनों की तरफ से कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की गई है।

# पाकिस्तान में बनने वाला है 'पाकीजा' का रीमेक, मीना कुमारी के रोल के लिए इस एक्ट्रेस को चुना गया



सत्तर के दशक की क्लासिकल और हिंदी सिनेमा की सबसे यादगार फिल्मों में से एक पाकीजा के रीमेक की तैयारी पाकिस्तान में हो रही है। इसमें पाकिस्तानी अदाकार मीरा जी लीजेंडरी एक्ट्रेस मीना कुमारी वाला किरदार निभाएंगी। पाकीजा की स्क्रिप्ट मीना कुमारी के पति कमाल अमरोही ने लिखी थी और उन्होंने ही इसे डायरेक्ट और प्रोड्यूस भी किया था। फिल्म में मीना कुमारी के अलावा अशोक कुमार, नादिरा और राज कुमार भी लीड रोल में थे। पाकीजा अपने दौर की बहुत बड़ी फिल्म थी और 1956 में काम शुरू होने के बाद इसके बनने 16 साल का लंबा वक्त लगा था। फिल्म के शुरू होने के कुछ सालों बाद कमाल अमरोही और मीना कुमारी अलग हो गए। इसकी वजह थी शादी के बाद मीना पर लगाई गई कमाल की पाबंदी। दोनों के तनाव की वजह से फिल्म डिब्बाबंद हो गई थी और उसके बाद कमाल अमरोही ने खत लिखकर कहा था कि मुझे पता है कि आप पाकीजाको तभी पूरा करेंगी जब मैं आपको तलाक देने के लिए तैयार हो जाऊं। उन्होंने लिखा कि मैं आपको तलाकर देने और हर तरह से आजाद करने के लिए तैयार हूं। इसके जवाब में मीना कुमारी ने लिखा,फिल्म पूरी करके बहुत खुशी मिलेगी पर इसके लिए मैं सिर्फ एक सिक्का बतौर मेहनताना लूंगी। फिर 1969 में इसकी शूटिंग शुरू हुई, लेकिन रिलीज होने के बाद फिल्म फ्लॉप हो गई। इसके एक महीने बाद ही मीना कुमारी का देहांत हो गया और उसके बाद फिल्म जबर्दस्त हिट हुई। SAMAA डिजिटल टुडे के साथ बातचीत में मीरा जी ने कहा, 100 प्रतिशत मैं पाकीजा करने जा रही हूं। उन्होंने कहा कि इस प्रॉजेक्ट पर पिछले 13 सालों से काम चल रहा था और अब मार्च में शूटिंग शुरू होने जा रही है। मीरा जी ने कहा कि इस फिल्म की निर्माता कंपनी अमेरिकी प्रॉडक्शन हाउस रेड लिपिस्टिक है और बाकी कास्टिंग अभी की जा रही है। पहले कहा जा रहा था कि मीरा कुमारी का रोल माहिरा खान करेंगी।

# टास्क की वजह से हुई अर्चना गौतम की छीछालेदर, यूजर्स ने सोशल मीडिया पर लगाई फटकार




बिग बॉस 16 सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहा है। यूजर्स, शो की कंटेस्टेंट अर्चना गौतम और प्रियंका चाहर चौधरी की क्लास लगा रहे हैं। दरअसल, बीते एपिसोड में नॉन-मंडली के सदस्यों ने टास्क के दौरान मंडली को खूब टॉर्चर किया। जब सुंबुल तौकीर खान ने बर्फ छुपा दी तब अर्चना ने शिव ठाकरे, निमृत कौर अहलूवालिया और एमसी स्टैन को परेशान करने के लिए मिर्ची पाउडर, हल्दी और सर्फ का इस्तेमाल किया। इन चीजों की वजह से शिव ठाकरे की आंखे खराब हो गई और वह अपनी एक आंख खोल नहीं पा रहा है। अब नेटिजन्स सोशल मीडिया पर अर्चना गौतम को खरी खोटी सुना रहे हैं। **यूजर्स ने लगाई अर्चना की क्लास**-एक यूजर ने लिखा, अर्चना गौतम, बिग बॉस की रियल वैम्प है...शेम ऑन यू अर्चना। अन्य यूजर ने ट्वीट किया, अर्चना का टॉर्चर करना गलत नहीं था। ये टास्क ही टॉर्चर का था। लेकिन, टास्क करने के टाइम पर अर्चना की बॉडी लैंग्वेज बहुत ही बेकार थी। साफ पता चल रहा था कि वह टास्क की आड़ में अपनी खुन्नस निकाल रही है। वहीं, कुछ लोग अर्चना के सपोर्ट में भी सामने आए हैं। बिग बॉस के एक्स कंटेस्टेंट राजीव अदतिया ने भी अर्चना का साथ दिया है। राजीव ने अपने सीजन की एक तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, ये टॉर्चर था !! 7 घंटे !! आज का टास्क, मेरे सीजन के टास्क की तुलना में कुछ भी नहीं था! बिग बॉस ने मेरे लिए टास्क नहीं रोका। क्योंकि मैंने शिकायत नहीं की थी!



# फिर खतरे में पड़ी राखी सावंत की शादीशुदा जिंदगी, रोते बिलखते बोलीं- मैं बहुत डिस्टर्ब हूं

राखी सावंत बहुत ज्यादा डिस्टर्ब हैं। एक बार फिर उनकी शादी खतरे में पड़ गई है। खुद राखी सावंत ने इस बात का खुलासा किया है। दरअसल, सोशल मीडिया पर राखी सावंत का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में राखी चीख चीखकर कह रही हैं कि उनकी शादी खतरे में हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने यह तक बताया कि वह डिप्रेशन से जूझ रही हैं। इस वीडियो को देख कुछ लोगों को राखी पर दया आ रही है। वहीं, कुछ सोशल मीडिया यूजर्स उन्हें ट्रोल कर रहे हैं।

**मुझपर जुल्म मत करो** - वायरल वीडियो में राखी रोती बिलखती नजर आ रही हैं। वह पपराजी से कह रही हैं, ÷मेरी शादी खतरे में है। शादी कोई मजाक नहीं है। मुझे मेरी शादी बचानी है।÷ इतना ही नहीं राखी आगे कहती हैं, ÷मुझपर जुल्म मत करो। मैं बहुत डिस्टर्ब हूं। किसी को क्या मिलता है मेरी जिंदगी में आकर। किसी को क्या मिलता है मेरी शादीशुदा जिंदगी में आ रहा है। **यूजर्स ने लगाई क्लास**-सेलिब्रिटी फोटोग्राफर विरल भयानी द्वारा इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए इस वीडियो पर लोग लगातार कमेंट कर रहे हैं। एक सोशल मीडिया यूजर ने लिखा, ÷इतना ड्रामा!! कुछ नया करो...मजा नहीं आ रहा है।÷ दूसरे ने लिखा, ÷मुझे लगा मां के निधन की वजह से राखी दो या तीन महीने तक सदमे में रहेगी। लेकिन पांच दिन बाद ही ड्रामा शुरू हो गया÷। वहीं कुछ लोग राखी के सपोर्ट में भी कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने वीडियो पर कमेंट करते हुए लिखा, ÷इस बार राखी सच्ची है और वो कोई ड्रामा नहीं कर रही है। भगवान आपका भला करे राखी।

**चार दिन पहले हुई मां की मौत**-बता दें, चार दिन पहले 28 जनवरी, 2023 को राखी सावंत की मां जया का निधन हो गया था। वह पहले कैंसर और फिर ब्रेन ट्यूमर से जूझ रही थीं। जया के अंतिम दर्शन करने फराह खान से लेकर रश्मि देसाई तक, बड़े और छोटे पर्दे के कई सेलेब्स राखी के घर पहुंचे थे।




# अलाया एफ ने कहा-अनुराग टेडी बियर की तरह हैं, अपने नाना से की थी उनसे मिलवाने की गुजारिश

अनुराग कश्यप निर्देशित ऑलमोस्ट प्यार विथ डीजे मोहब्बत को लेकर चर्चा में रह रहीं पूजा बेदी की बेटी अलाया एफ ने डायरेक्टर के लिए कहा- वे तो टेडी बियर की तरह हैं। अलाया ने कहा- मैंने अपने नाना से गुजारिश की थी कि प्लीज आप मुझे अनुराग सर से मिलवाएंगे।अलाया एफ को बॉलिवुड में आए कुछ ही अरसा हुआ है, मगर कम समय में उन्होंने जवानी जानेमन और फ्रेडी जैसी फिल्मों में अलग तरह की भूमिकाएं निभा कर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। इन दिनों वे चर्चा में हैं अनुराग कश्यप निर्देशित ऑलमोस्ट प्यार विथ डीजे मोहब्बत से। उनसे एक खास बातचीत

**फ्रेडी जैसी फिल्म में नेगेटिव भूमिका करना एक बड़ा रिस्क था, मगर आपकी भूमिका को काफी तारीफ मिली।**

फ्रेडी से हमें जो रिस्पॉन्स मिला है, उसको देख कर मैं बहुत खुश हूं। लोगों ने फिल्म को पसंद किया है, तो हम सब इसके लिए बहुत आभारी हूं।

अगर पसंद की बात करूं, तो जब मैं जवानी जानेमन कर रही थी तब बहुत लोगों ने कहा कि इसमें तो बहुत रिस्क है एक प्रेग्नेंट लड़की का किरदार करना है, मगर मुझे तो पता ही नहीं था कि प्रेग्नेंट होना रिस्क का काम हो सकता है। मुझे तो बहुत नेचुरल लगा। मुझे फिल्म की कहानी पसंद आई, मुझे मेरा किरदार अच्छा लगा और ऑडिशन देने के बाद मुझे ऐसी फिल्म मिली है। फ्रेडी के समय मैंने जब स्क्रिप्ट पढ़ी तो जब वो टर्निंग पॉइंट आता है और मेरा किरदार एकदम बदल जाता है और मैं विलेन बन जाती हूं। फिल्म में कार्तिक जैसे दमदार कलाकार थे, तो मैंने एक मिनट के लिए भी नहीं सोचा कि रिस्क है। मुझे कहीं ना कहीं लगता था कि ये फिल्म मेरे करियर के लिए साबित होगी और ऐसा ही हुआ। अब अपनी नई फिल्म %ऑलमोस्ट प्यार विथ डीजे मोहब्बत में भी मैं दो चोटी बना कर स्कूल के कपड़ों में हूं, तो बहुत लोगों को लगता होगा कि ये भी रिस्क है, क्योंकि मैं थोड़ी सी यंग लड़की हूं। मुझे लगता है हर फिल्म में कुछ ना कुछ रिस्क तो होता है। मैं अगर स्क्रिप्ट से कनेक्ट कर पा रही हूं और डायरेक्टर पर भरोसा कर सकूं, तो मैं वो फिल्म कर लेती हूं।

**आप असल जिंदगी में आप प्यार के लिए किस हद तक जा सकती हैं?**

मैं पागलपन वाले प्यार में यकीन नहीं करती। मुझे लगता है अगर आपकी जिंदगी में प्यार है, जैसा कि एक बच्चे और उसके माता-पिता के बीच में होता है और वो बहुत ही खूबसूरत प्यार होता है। मैं हेल्दी प्यार में विश्वास करती हूं, जिससे मैं आगे बढ़ सकूं और मेरा पार्टनर भी ग्रो कर सके, तो प्यार उसी हद तक अच्छा लगता है, जहां तक वो हेल्दी है। और मुझे लगता है अगर कोई दिक्कत है तो उसको सॉल्व करने की भी एक अप्रोच होना चहिए। तो मैं सपोर्टिव प्यार में विश्वास करती हूं। प्यार कंस्ट्रक्टिव हो डिस्ट्रक्टिव नहीं। दिल जला टाइप के प्यार बहुत ही बेवकूफी भरा आइडिया है, क्योंकि प्यार आपको हिम्मत देता है, बरबाद नहीं करता।

**ऑलमोस्ट प्यार विथ डीजे मोहब्बत में आपके निर्देशक अनुराग कश्यप हैं, सुना है, उनको गुस्सा जल्दी आता है?**

नहीं, बिल्कुल भी नहीं! हमारे सेट पर तो एक सेकेंड के लिए भी गुस्सा नहीं हुए। वे तो टेडी बियर की तरह हैं। हमेशा खुश रहते थे और हमेशा प्रोत्साहित करते रहते थे। मुझे नहीं लगता कि पिछले 4 साल में मैंने अनुराग सर को एक बार भी गुस्सा होते देखा हो।



# बढ़त पर शेयर बाजार फिर भी अडानी के निवेशकों में हाहाकार सेंसेक्स-निफ्टी हरे निशान पर, ये स्टॉक्स हुए लाल

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार ने आज मजबूती के साथ शुरुआत की। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 340 अंकों की तेजी के साथ 60272 के स्तर पर था तो निफ्टी 60 अंकों की बढ़त के साथ 17670 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। आज भी अडानी के शेयर धड़ाम हैं। अडानी गैस 5 फीसद टूट चुका है। अडानी एंटरप्राइजेज भी 20 फीसद लुढ़क गया है। अडानी ग्रीन और अडानी ट्रांसमिशन में भी 10-10 फीसद की गिरावट है। अडानी पोर्ट, अडानी विल्मर 5 फीसद टूटे हैं।बता दें सेंसेक्स आज बढ़त के साथ 60350 के स्तर पर खुला था। जबकि, निफ्टी ने 17,721.75 से कारोबार की शुरुआत की थी। निफ्टी टॉप लूजर की लिस्ट में शामिल अडानी एंटर प्राइजेज 20 फीसद से अधिक टूटा है। अडानी पोर्ट्स, ओएनजीसी, बीपीसील और दिविस लैब टॉप लूजर बने हुए हैं। जबकि, निफ्टी टॉप गेनर में टाइटन, इंडसइंड बैंक, बजाज फिनसर्व, एसबीआई लाइफ और बजाज फाइनेंस जैसे स्टॉक थे। बता दें अमेरिकी निवेश शोध फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च की एक रिपोर्ट में गंभीर आरोप लगाए जाने के बाद अडाणी समूह की सभी कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट आई है। समूह की शीर्ष कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज के शेयर का मूल्य करीब 60 प्रतिशत से अधिक तक गिर चुका है।

# फिर बढ़े दूध के दाम, अमूल का दूध 3 रुपये लीटर महंगा

**नई दिल्ली।** दूध के दाम में एक बार फिर बढ़ गए हैं। आज से अमूल का दूध 3 रुपये लीटर महंगा हो गया है। आधा लीटर वाला अमूल ताजा दूध अब आपको 27 रुपये में मिलेगा, जबकि एक लीटर बाला 54 रुपये में। अमूल ताजा दूध दो लीटर की कीमत अब आज से 108 रुपये होगी।इसी तरह छह लीटर वाला पैकेट अब 324 रुपये का मिलेगा। अमूल ताजा 180 एमएल का अब 10 रुपये का होगा। अमूल गोल्ड 500 एमएल की कीमत भी अब बढ़कर 33 रुपये हो गई है। अमूल गोल्ड एक लीटर अब उपभोक्ताओं को 66 रुपये जबकि, 6 लीटर वाला 396 रुपये का मिलेगा।अब अमूल ए2 भैंस का दूध 500 मिली 35 रुपये प्रति यूनिट मिलेगा। जबकि, अमूल ए2 भैंस का दूध एक लीटर की कीमत आज से 70 रुपये हो गई है। वहीं, अमूल ए2 भैंस का दूध छह लीटर वाला पैकेट 420 रुपये का हो गया है। अमूल ब्रांड के तहत डेयरी उत्पादों की बिक्री करने वाले गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन संघ ने गुजरात को छोड़कर बाकी सभी बाजारों में दूध के दाम दो रुपये प्रति लीटर बढ़ा दिए हैं। संघ के प्रबंध निदेशक जयेन महेता ने यह साफ किया कि दूध के दामों में बढ़ोतरी गुजरात में लागू नहीं होगी। नई दरें मुंबई, कोलकाता और दिल्ली समेत अन्य बाजारों के लिए हैं। बता दें अमूल ने अक्टूबर 2022 में दूध की कीमतों में 2 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की थी। इसके पीछे कहा गया था दाम में यह वृद्धि दूध के संचालन और उत्पादन की कुल लागत में वृद्धि के कारण की जा रही है। वहीं, दिसंबर में मदर डेयरी ने दिल्ली-एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) में दूध की कीमतों में 2 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की थी।

# चंद मिनटों में 18 अरब डॉलर गंवा दिए अडानी ग्रुप की कंपनियों के शेयरों ने

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में अडानी ग्रुप के शेयरों की गिरती कीमत निवेशकों की ही नहीं बल्कि चेयरमैन गौतम अडानी की संपत्ति में भी सेंध लगा रही है। आज भी अडानी ग्रुप के स्टॉक्स में भारी गिरावट की वजह से गौतम अडानी की संपत्ति शुरुआती कारोबार के दौरान ही 18 अरब डॉलर कम हो गई है। फोर्ब्स रियल टाइम बिलेनियर इंडेक्स में आज भी अडानी सबसे बड़े लूजर हैं। उनकी संपत्ति अब घटकर 56.4 अरब डॉलर रह गई है। दुनिया के अरबपतियों की लिस्ट में अडानी अब 22वें स्थान पर हैं।पिछले एक महीने में अडानी एंटरप्राइजेज 3830.95 रुपये से 1173.95 रुपये पर आ गया है। प्रति शेयर 2657.00 रुपये यानी 69.36 फीसद का नुकसान हुआ है। वहीं, Adani Gas इस अवधि में 3598.65 से 1622.35 रुपये पर आ गया है। हर शेयर पर निवेशकों को 1976.30 रुपये या 54.92 फीसद का नुकसान उठाना पड़ा है। जबकि , Adani Gas अब 1892.95 रुपये लुढ़क कर 935.90 रुपये तक आ गया है। हर शेयर पर 957.05 रुपये या 50.56 फीसद का घाटा है। वहीं, Adani Ports की कीमत अब 432.75 रुपये रह गई है। एक महीने पहले यह 820.45 रुपये पर था।

## न्यूज इन बॉक्स

# पेट्रोल पम्प में डकैती से पहले पकड़े गए बदमाश

जयपुर(नि.सं.)। भट्टा बस्ती थाना पुलिस ने डकैती की योजना बना रहे 5 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी एक पेट्रोल पंप पर डकैती डालने का प्लान बना रहे थे। जिनके पास से पुलिस ने एक पिस्टल, दो जिंदा कारतूस और तीन धारदार चाकू,



नकब और मिर्च पाउडर बरामद किया है। पुलिस ने उनके पास से एक बाइक और एक्टिवा स्कूटी को जब्त किया है। डीसीपी नॉर्थ परिस देशमुख ने बताया कि भट्टा बस्ती थाना पुलिस ने थाना इलाके के हरिनगर स्थित भारत पेट्रोल पंप पर डकैती की योजना बना रहे आरोपित टाटा नगर भट्टा बस्ती निवासी बंटी स्वामी(25), गोविन्दगढ़ निवासी पृथ्वी सिंह (32), भट्टा बस्ती निवासी नाजिम हुसैन(20), लखन सिंह राठौड़(30) और गोविन्द विहार करधनी निवासी मधुसूदन सिंह (22) को गिरफ्तार किया गया हैं। पुलिस ने उनके कब्जे से एक पिस्टल दो कारतूस, तीन चाकू धारदार हथियार, एक नकब और रस्सी मिर्च पाउडर तथा एक बाइक और स्कूटी को बरामद कर लिया।

# जयपुर पहुंचे दुनियाभर के फिल्ममेकर आए नजर

### राजस्थानी फिल्म बाहुबली राजस्थानी दिखाई गई

जयपुर (नि.सं.)। जयपुर के क्रिस्टलपॉम आईनॉक्स में चल रहे रिफ फिल्म क्लब के राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (रिफ) के नौवें संस्करण में फिल्म स्क्रीनिंग, ओपन फोरम, वर्कशॉप और टॉक शो जैसे मनोरंजक व दिलचस्प, सार्थक कार्यक्रम हुए। दूसरे दिन डॉक्टर अजीत जैन, द बापू आश्रम, केमिकल ब्रोस, इन माई हेड, राजस्थानी बाहुबली, जोबनिया जलेबी, हाथ रपिया, बारात, लोटस ब्लूम, बस्ती एवं माता (द मोनेस्ट्री) जैसी बेहतरीन



फिल्मों की खास स्क्रीनिंग हुई, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। फेस्टिवल में लीजेंड एक्टर मरहूम इरफान खान की पत्नी सुतापा सिकदर के साथ द वर्ल्ड नीड स्ट्रॉन्ग विमन पर खास टॉक शो हुआ। सेशन में सुतापा ने आज की नारी की विशेषताएं और सिनेमा जगत में नारी की महत्ता पर रोशनी डाली। उन्होंने बताया की वह न ही अभिनेत्री बनना चाहती थी, न ही किसी अभिनेता से शादी करना चाहती थी। इतना ही नहीं अभिनय करना पसंद करती थी, लेकिन सबकुछ इसके उलट हुआ।

# साइंस-इन्वेंटिया और मास्टर शेफ में दिखी क्रिएटिविटी

### इंटर कॉलेज फेस्ट मंथन में म्यूजिक परफॉर्मेंस ने जीता ऑडियंस का दिल

जयपुर(नि.सं.)। पोद्दार ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में चल रहे चार दिवसीय इंटरकोलिजिएट फेस्ट मंथन- 2023 के दूसरे दिन सोलो सिंगिंग, मास्टर शेफ, केश फ्रॉम ट्रेश, साइंस-इन्वेंटिया का आयोजन का किया गया। इस दौरान मास्टर शेफ में स्टूडेंट्स ने अपनी क्रिएटिविटी का प्रदर्शन किया एवं विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजन बनाए। इसके साथ ही साइंस-इन्वेंटिया में विभिन्न साइंस मॉडल प्रस्तुत किए और शाम



को म्यूजिक परफॉर्मेंसेस देकर ऑडियन्स का दिल जीता। कार्यक्रम में सोलो सिंगिंग में हरिनारायण डांगी, चारुल अग्रवाल प्रियांश जैन, साइंस-इन्वेंटिया में खुशबू गौतम और टीम, वैष्णवी शर्मा, अकरम खान और टीम, अनुराधा अग्रवाल, केश फ्रॉम ट्रेश में यश एंड टीम, सलोनी और टीम, सारांश बदरिया और गुनगुन और टीम विजेता रहे।

## तीन दिवसीय कोटा महोत्सव शुरू

# दादा पोता हाथ पकड़कर दौड़े, महिलाएं सिर पर मटका रखकर दौड़ी



कोटा (वि.सं.)। कोटा से तीन दिवसीय कोटा महोत्सव का आगाज हुआ। महाराव उम्मेद सिंह स्टेडियम में भरतपुर के बम ढोल रसिया, हाडौती के चकरी व सहरिया नृत्य बहरूपिया कला सहित अन्य कलाकारों ने एक साथ पर्फोमेंश दी। दादा पोता ने हाथ पकड़कर दौड़ लगाई। स्टेडियम में ही साफा बांध प्रतियोगिता व रस्सा कस्सी में महिलाओं ने दमखम दिखाया। 50 मीटर की मटका दौड़ में सिर पर खाली मटका लेकर दौड़ी। इसके साथ ही मूंछ प्रतियोगिता,एडवेंचर गतिविधियां (एयर बलून) भी आयोजित की गई। जिला प्रशासन, नगर विकास न्यास, नगर निगम कोटा उत्तर एवं दक्षिण व पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है।

### रिपब्लिक डे परेड में भाग लेने वाले एनसीसी कैडेट्स के लिए 'एट होम' कार्यक्रम आयोजित

# राष्ट्र को सर्वोपरि रखते हुए युवाओं को जीवन जीने की कला सिखा रहा है एनसीसी:राज्यपाल

■ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स के लिए राज्यपाल ने दी पांच लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि



जयपुर(नि.सं.)। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि एनसीसी युवाओं को समाज और राष्ट्र को सर्वोपरि रखते हुए जीवन जीने की कला सिखाने का महती कार्य कर रहा है। राज्यपाल श्री मिश्र कर्तव्य पथ पर रिपब्लिक डे परेड में भाग लेकर लौटे राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेट्स के लिए गुरुवार शाम को राजभवन में आयोजित 'एट होम' कार्यक्रम में सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कैडेट्स को गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने का अवसर मिलने के लिए बधाई देते हुए उन्हें देश का जागरुक नागरिक बनने के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने गणतंत्र दिवस परेड में विभिन्न वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स के उत्साहवर्धन के लिए विवेकाधीन कोटे से पांच लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि की घोषणा भी की। राज्यपाल ने कहा कि एनसीसी युवा वर्ग की शक्ति और साहस को दिशा देते हुए देश के लिए समर्पित होकर कार्य करने की सीख देता है। उन्होंने कहा कि जो एक बार कैडेट बन जाता है वो जीवन में हमेशा के लिए अनुशासन और समर्पण से जुड़ जाता है। उन्होंने इस अवसर पर विश्व की सबसे बड़ी संगठित संस्था के रूप में पहचान बनाने के लिए एनसीसी की सराहना की। उन्होंने इस बात पर भी संतोष व्यक्त किया कि एनसीसी के 17 लाख कैडेट्स में 35 प्रतिशत कैडेट्स छात्राएं हैं। उन्होंने कैडेट्स से संविधान से जुड़े आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान करते हुए कहा कि संविधान ही राष्ट्र में सभी की सहभागिता को सुनिश्चित करता है, यह हमारे देश के गणतंत्र का प्रतीक है। कार्यक्रम के बाद गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेकर लौटे कैडेट्स ने राजभवन में संविधान उद्यान का भ्रमण किया और संविधान की संस्कृति को प्रकट करते कला-रूपों का अवलोकन किया। एटहोम कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स ने कई राजस्थानी लोक गीतों और लोक नृत्यों की मनोहारी प्रस्तुतियां दी। बिड़ला बालिका विद्यापीठ की कैडेट्स ने देशभक्ति धुनों पर बैण्ड वादन की सुमधुर प्रस्तुतियां दी। राज्यपाल ने अपने सम्बोधन में इन सुंदर प्रस्तुतियों के लिए कैडेट्स की प्रशंसा की। एनसीसी के उप महानिदेशक एयर कमोडोर श्री ललित कुमार जैन ने राज्यपाल को आरडी कैम्प में राजस्थान के एनसीसी दल की उपलब्धियों के बारे में बताया।

### केजरीवाल ने सरकार के अधिकार पर उठाया सवाल:कहा-

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भी एलजी के पास जा रही हैं फाइलें

नई दिल्ली(एजेंसी)। टीचर ट्रेनिंग के लिए फिनलैंड भेजने के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना पर निशाना साधा। उन्होंने गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि शिक्षकों को ट्रेनिंग के लिए विदेश भेजने को लेकर राजनीति हो रही है। पिछले कई दिनों से फाइल एलजी के ऑफिस में पड़ी हुई और उसे परमिशन नहीं दी जा रही है। सीएम केजरीवाल ने कहा कि ऐसे में मार्च में होने वाली ट्रेनिंग फिर से कैंसिल हो सकती है। उन्होंने कहा कि शनिवार को पंजाब के 36 टीचर ट्रेनिंग के लिए सिंगापुर जाएंगे। ये बहुत खुशी की बात है। मैं स्ल साहब से अपील करता हूं कि दिल्ली के टीचर्स को भी ट्रेनिंग के लिए फिनलैंड जाने दें। इस मामले में डिप्टी ष्ट्ररू मनीष सिसोदिया ने भी जीएनसीटीडी कानून के जरिए दिल्ली सरकार के अधिकारों पर हनन करने के लिए भड़ास निकाला। केजरीवाल ने कहा कि हमने स्ल के पास कई बार फाइल भेजी है। 15 दिन से फाइल पेंडिंग पड़ी हुई है, लेकिन स्ल साहब भेजना नहीं चाहते। राज्यों में फाइल नहीं जाती गवर्नर के पास। दिल्ली में भी 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया था कि उपराज्यपाल के पास कोई फाइल नहीं जाएगी, लेकिन दिल्ली में अब हर फाइल पहले उपराज्यपाल के पास जा रही है और वो उसे रोक रहे है। उन्होंने कहा कि संविधान के खिलाफ जाकर काम कर रहे है। हम इसके लिए भी सुप्रीम कोर्ट गए है। उस पर फैसला आना बांकी है। मैं उम्मीद करता हूं जब तक सुप्रीम कोर्ट का फैसला नहीं आ जाता तब तक स्ल हमारी कोई फाइल नहीं रोके। सीएम बोले- सभी राज्यों को



बराबर अधिकार है तो दिल्ली में क्यों रोका जा रहा है डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने पंजाब से टीचर्स को ट्रेनिंग के लिए सिंगापुर भेजे जाने का उदाहरण देते हुए सवाल किया। उन्होंने कहा कि सभी राज्यों को बराबर अधिकार है तो दिल्ली में क्यों रोका जा रहा है? उन्होंने कहा कि जीएनसीटीडी ऐक्ट में केंद्र के 'असंवैधानिक' संशोधन की वजह से स्ल दिल्ली सरकार के कामकाज में टांग अड़ाते हैं।

### मंडल के 75 प्रोजक्ट रेरा में पंजीकृत

# आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने मंडल टीम को दी बधाई

### 100 प्रोजेक्ट्स के रेरा में शामिल होते ही हाउसिंग बोर्ड बन जाएगा देश की सबसे बड़ी रेरा रजिस्टर्ड संस्था



जयपुर(नि.सं.)। राजस्थान आवासन मंडल आयुक्त श्री पवन अरोड़ा ने मंडल की 75वीं परियोजना के रेरा (राजस्थान रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी) में पंजीकृत होने पर मंडल टीम को बधाई देकर कार्मिकों का उत्साहवर्धन किया। आवासन आयुक्त ने मंडल मुख्यालय पर शुक्रवार को आयोजित बैठक में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि मंडल द्वारा चलाए जा रही सभी परियोजना में रेरा की पालना सुनिश्चित करने के लिए शाखा का गठन किया गया और मंडल शत -प्रतिशत रेरा की पालना कर रहा है। उन्होंने कहा कि आमजन के विश्वास को हम रेरा के साथ निरंतर मजबूत कर रहे हैं। अरोड़ा ने बताया मंडल के 75 प्रोजक्ट अब तक रेरा में पंजीकृत हो चुके हैं, जल्द ही यह आंकड़ा 100 को छू लेगा। उन्होंने बताया कि रेरा में 100 प्रोजेक्ट पंजीकृत होने पर राजस्थान आवासन मंडल देश की सबसे बड़ी रेरा रजिस्टर्ड संस्था बन जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल और रेरा चेयरमैन एनसी गोयल के नेतृत्व में मंडल के सभी प्रोजेक्टों में रेरा की पालना सुनिश्चित करवाई जा रही है। इस अवसर पर रामानंद गोयल एंड कंपनी के सीए श्री हिमांशु गोयल ने बताया कि आयुक्त के निर्देशन में मंडल के सभी कार्य रेरा की अनुपालन के साथ समय पर पूरे हुए हैं, जिससे आमजन को खासा लाभ हुआ है। इस दौरान सचिव श्रीमती अल्पा चौधरी, वित्तीय सलाहकार श्रीमती संजय शर्मा, मुख्य अभियंता प्रथम श्री केसी मीणा, आवासीय अभियंता श्री उमेश गोयल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जैसलमेर डेजर्ट फेस्टिवल में विदेशियों ने बांधा साफा

# सज-धजकर रथ में बैठकर आई युवतियां



जैसलमेर(वि.सं.)। जैसलमेर डेजर्ट फेस्टिवल का शोभा यात्रा के साथ आगाज हो गया। सोनार किले से शोभायात्रा को कलेक्टर टीना डाबी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सजे-धजे ऊंटों और गाजे-बाजे के साथ देसी-विदेशी मेहमान डांस करते हुए चले। आगे-आगे कलश लेकर लड़कियां चली। इसके बाद देसी और विदेशी साफा बांधो, मूंछ और मिस मूमल प्रतियोगता हुई। सोनार दुर्ग से शोभायात्रा सुबह



9.30 बजे से रवाना हुई थी। इसमें कालबेलिया डांसर,लोक कलाकार, बीएसएफ के ऊंट, बीएसएफ का कैमल टैटू बैंड और सजे-धजे ऊंटों पर सवार मिस्टर डेजर्ट के प्रतिभागी शामिल हुए। राजस्थानी रंगों से सजे कलाकारों के साथ विदेशी टूरिस्ट भी खूब थिरके। हर चौराहों पर फूल बरसाकर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। सोनार दुर्ग से शोभायात्रा शहीद पूनम सिंह स्टेडियम में पहुंची।



# स्टूडेंट्स घर-घर पहुचाएंगे फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी

### जनसंपर्क विभाग करवा रहा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

झालावाड़ (वि.सं.)। राज्य सरकार की फ्लैगशिप जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ और जानकारी घर-घर तक पहुंचाने के लिए जनसंपर्क विभाग अभियान चला रहा है। जनसंपर्क विभाग की ओर से प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं और योजनाओं की सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। विभाग की ओर से शुक्रवार दोपहर शहर में स्थित एक निजी कोचिंग में राज्य सरकार की विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के प्रतिनिधि रिंकू मीणा ने स्टूडेंट्स को सुजस मोबाइल एप, सुजस ई बुलेटिन, वीडियो बुलेटिन, सुजस आवाज और फ्लैगशिप योजनाओं के बारे में जानकारी दी। वहीं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए स्थानीय विभाग और राज्य सरकार की ओर से 4 साल में किए गए कार्यों और शुरू की गई ।



# कोटा में हॉस्टल की छठी मंजिल से गिरा छात्र

### दोस्तों से बात करते वक्त बैलेंस बिगड़ने से जाली तोड़ता हुआ गिरा, मौत

कोटा (वि.सं.)। कोटा में एक कोचिंग छात्र की छठी मंजिल से गिरने से मौत हो गई। स्टूडेंट अपने दोस्तों के साथ बालकनी में बैठा था, जब वे कमरे की तरफ जाने लगे तो एक स्टूडेंट का बैलेंस बिगड़ गया और वह जाली तोड़ता हुआ नीचे गिर गया। पुलिस उप अधीक्षक अमर सिंह ने बताया कि मृतक इशांशु भट्टाचार्य(20) धुपगुरी, जलपाईगुड़ी (पश्चिम बंगाल) का रहना वाला था। वह कोटा के जवाहर नगर इलाके में रहकर नीट की तैयारी कर रहा था। शव को महाराव भीमसिंह अस्पताल के पोस्टमॉर्टम रूम में रखवाया गया है। अमर सिंह के मुताबिक इशांशु वात्सल्य रेजीडेंसी नाम के हॉस्टल की छठी मंजिल पर कमरा लेकर रहता था।

### विद्यार्थियों को दी गई सरकार की योजनाओं की जानकारी

# सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं के अग्रदूत बनेंगे युवा विद्यार्थी:मीणा

जयपुर(नि.सं.)। राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के दिशा में युवा विद्यार्थी अग्रदूत बनेंगे, इसलिए सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग ने एक अभिनव पहल की है। जिसके तहत जयपुर जिले के कोचिंग संस्थानों में विद्यार्थियों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित परिचर्चा, प्रश्नोत्तरी एवं प्रचार सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपनिदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क श्री मान सिंह मीणा की अगुवाई में कार्यालय की टीम ने जयपुर के प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थानों में



विद्यार्थियों को सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी दी। परिचर्चा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि युवा विद्यार्थी सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के अग्रदूत हैं। सरकारी योजनाओं पर्याप्त जानकारी के माध्यम से हम ना केवल स्वयं लाभांवित हो सकते हैं, बल्कि हम जरूरतमंदों को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलवा सकते हैं। इस दौरान श्री मीणा ने मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, एक रुपये किलो गेहूं योजना, महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, पालनहार योजना सहित सरकार की तमाम योजनाओं की पात्रता एवं प्रक्रिया की बारीकियां विद्यार्थियों के साथ साझा कीं। उन्होंने सरकारी योजनाओं की बेहतर जानकारी हासिल करने के लिए बच्चों को अपने मोबाइल में सुजस एप डाउनलोड करने के लिए भी प्रेरित किया। परिचर्चा के दौरान योजनाओं पर आधारित प्रश्नोत्तरी में विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लिया। टीम विद्यार्थियों में सरकारी योजनाओं की प्रचार सामग्री का वितरण किया, साथ ही कोचिंग संस्थानों के प्रमुख स्थानों पर सुजस एप डाउनलोड करने के लिए क्यूआर कोड प्रदर्शित करने वाले पोस्टर भी चस्पा करवाए।




# आम आदमी पार्टी ने लांच किया ऐप, लोगों को दी जानकारी

कोटा(वि.सं.)। आम आदमी पार्टी की बैठक सिमलिया में रखी गई। कार्यक्रम की संचालिका पूर्व सांगोद विधानसभा कोर्डिनेटर आरती जानार्दन ने बताया कि पार्टी के दिल्ली से आए पर्यवेक्षक ने आम आदमी पार्टी द्वारा लांच किए गए ऐप की जानकारी दी और ऐप के माध्यम से सदस्य जोड़ने का आव्हान किया। कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता मनमोहन गुप्ता, आर.के मीणा, पूर्व सांगोद विधानसभा प्रत्याशी योगेंद्र नागर, पूर्व कोटा दक्षिण विधानसभा प्रत्याशी के.बी सिंघल, पूर्व वार्ड प्रत्याशी रियाज मोहम्मद उपस्थित रहे। सभी ने आम आदमी पार्टी के 200 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने के फैसले का स्वागत किया और समर्थन किया।

### विश्राम भवनों के कार्मिकों को मिलेंगे पदोन्नति के बेहतर अवसर

# संवर्ग में शेफ,असिस्टेंट शेफ एवं सर्विस सुपरवाइजर के नवीन पद सृजित

जयपुर (नि.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने विश्राम भवनों में कार्यरत कार्मिकों को पदोन्नति का लाभ देने के लिए संवर्ग में शेफ, असिस्टेंट शेफ तथा सर्विस सुपरवाइजर के नवीन पदों के सृजन के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। गहलोत ने उक्त पदों के लिए आवश्यक न्यूनतम अर्हता का भी अनुमोदन किया है। प्रस्ताव के अनुसार, संवर्ग में शेफ एवं सर्विस सुपरवाइजर के 15-15 पद, असिस्टेंट शेफ के 22, असिस्टेंट कुक के 14 तथा हेड वेटर के 39 पदों सहित कुल 105 नवीन पदों का सृजन किया जाएगा। साथ ही, देशी कुक तथा मशालची का पदनाम परिवर्तित कर क्रमशः कुक तथा असिस्टेंट कुक किया जाएगा। गहलोत के इस निर्णय से विश्राम भवनों में अधीनस्थ सेवा के पदों (कुक, वेटर, मशालची) के लिए पदोन्नति के पर्याप्त अवसर उपलब्ध हो सकेंगे तथा कार्मिकों का मनोबल मजबूत होगा।

# विद्युत एमनेस्टी योजना मूल बकाया राशि एकमुश्त जमा कराने पर ब्याज व पेनल्टी में शत-प्रतिशत छूट

जयपुर(नि.सं.)। जयपुर डिस्कॉम द्वारा बिजली की बकाया राशि की वसूली हेतु एमनेस्टी योजना लागू की गई है। योजना के तहत 31 दिसम्बर, 2022 तक की बकाया राशि एकमुश्त जमा करवाए जाने पर ब्याज व पैनल्टी में शत- प्रतिशत छूट प्रदान की जायेगी। कृषि श्रेणी के नियमित व कटे हुये कनेक्शनों के लिये 31 मार्च, 2023 तक और अन्य श्रेणियों के लिये 30 जून, 2023 तक योजना लागू की गई है। जयपुर डिस्कॉम के प्रबन्ध निदेशक श्री अजीत कुमार सक्सैना ने बताया की सभी श्रेणियों के उपभोक्ताओं के लिये एमनेस्टी योजना लागू की गई है। इस योजना के तहत उपभोक्ता दिसम्बर, 2022 तक की बकाया राशि योजनावधि में एकमुश्त जमा करवाते हैं तो मूल बकाया राशि पर देय ब्याज व पैनल्टी में शत-प्रतिशत छूट प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया की कृषि श्रेणी के नियमित एवं कटे हुये कृषि कनेक्शन के उपभोक्ता 31 दिसम्बर, 2022 तक की बकाया राशि बिना ब्याज व पैनल्टी के एकमुश्त अथवा अधिकतम 6 द्विमासिक किस्तों में जमा करा सकते हैं।

### बिना ओटीपी मैसेज खाते से 5 लाख रु. निकले

# हेल्पलाइन पर कॉल कर ऑनलाइन बैंकिंग और डेबिट कार्ड को बंद करवाया




जयपुर(नि.सं.)। झोटवाड़ा इलाके में एक साइबर ठग ने एक युवक का मोबाइल हैक कर लाखों रूपए हड़प लिए। पीड़ित को जब अपने साथ साइबर ठगी की जानकारी मिली तो वह झोटवाड़ा थाने पहुंचा। पुलिस ने युवक की शिकायत पर मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है। पीड़ित के मोबाइल से साइबर ठग ने सात बार ट्रांजैक्शन कर के यह पैसा निकाला। जब पीड़ित ने ट्रांजैक्शन से संबंधित मैसेज मोबाइल पर देखे तो उसके होश उड़ गए। इसके बाद पीड़ित ने तुरंत बैंक की हेल्पलाइन पर कॉल कर ऑनलाइन बैंकिंग और डेबिट कार्ड को बंद करवाया। इसके साथ ही साइबर पोर्टल हेल्पलाइन पर भी अपनी शिकायत दर्ज करवाई। उसके बाद पीड़ित ने थाने पहुंच ठगी का मामला दर्ज करवाया। झोटवाड़ा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर ट्रांजैक्शन डिटेल के आधार पर जांच करना शुरू किया है। पुलिस ने बताया आराधना कॉलोनी निवासी दिनेश कुमार गुप्ता ने मामला दर्ज करवाया है कि साइबर ठग ने 29 जनवरी को मोबाइल हैक कर सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के खाते से 5 लाख 23 हजार रुपए ट्रांसफर कर लिए। जानकारी में सामने आया कि पीड़ित दिनेश के पास न तो किसी तरह का कोई फोन आया, न ही कोई लिंक ओपन किया।

### गिरफ्तार — नकली घी बनाने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार

# सरस और कृष्णा ब्रांड के नाम से नकली देशी घी तैयार कर बाजार में बेच रहे

जयपुर(नि.सं.)। जयपुर के करणी विहार थाना पुलिस ने नकली घी मामले में कई समय से फरार चल रहे सोनू कुमार मूलवानी को गिरफ्तार किया है। आरोपित के खिलाफ वर्ष 2021 में नकली विमल पान मसाला के अवैध कारोबार करने का मामला दर्ज हो चुका है। डीसीपी वैस्ट वन्दिता राणा ने बताया कि करणी विहार थाना पुलिस ने नकली घी मामले में कई समय से वांछित चल रहे आरोपी शिवकुमार मंगल (33) निवासी जेडीए कॉलोनी करणी विहार को गिरफ्तार किया हैं। आरोपी से पूछताछ के



लिए उसे आज कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा। इस मामले में पूर्व में एक आरोपी सोनू कुमार मूलवानी (38)निवासी शेखावाटी नगर मुरलीपुरा जयपुर को गिरफ्तार किया जा चुका है। 17 अक्टूबर 2022 को मुखबिर से सूचना मिली थी कि करणी विहार थाना इलाके में स्थित अरिहंत वाटिका धावास में बड़े पैमाने पर सरस एवं कृष्णा ब्रांड के नाम से नकली देशी घी तैयार कर बाजार में विक्रय किया जा रहा है। जिस पर खाद्य विभाग, दुग्ध उत्पादन सहकारी समिति लिमिटेड जयपुर व पुलिस थाना करणी विहार की संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए अरिहंत वाटिका धावास जयपुर से आरोपित योगेन्द्र कुमार जैन के कब्जे से मौके पर नकली सरस ब्रांड देशी घी के अलग-अलग पैकिंग में कुल 181 लीटर घी व नकली कृष्णा ब्रांड देशी घी के अलग-अलग पैकिंग में कुल 351.200 लीटर नकली घी एवं नकली घी तैयार करने के बर्तन व पैकिंग सामग्री जब्त कर गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी सोनू कुमार मूलवानी उर्फ सोनू सिंधी और शिवकुमार मंगल आरोपित योगेन्द्र जैने के साथ मिलकर अलग-अलग ब्रांड के नाम से नकली देशी घी तैयार बाजार में विक्रय करने में लिप्त पाया गया है।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक मनोज कुमार शर्मा द्वारा उदय प्रिन्टर्स 43ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा 92/289, पटेल मार्ग, मानसरोवर, जयपुर से प्रकाशित। सम्पादक-मनोज कुमार शर्मा मो. 9829634991